
दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली मंगलवार 16 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 173 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू, जमीन देने वाले 170 किसान बने पहले यात्री



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार (15 जून) से कमर्शियल उड़ानें शुरू हो गई हैं। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने दीप प्रचलित कर एयरपोर्ट का शुभारंभ किया। इंडिगो की पहली फ्लाइट लखनऊ से उड़ान भरकर सुबह 8:05 बजे नोएडा एयरपोर्ट पहुंची। इस उद्घाटन उड़ान में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्य सचिव एसपी गोयल के साथ 75 कारोबारी परिवार और अन्य यात्री शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर सभी मेहमानों का स्वागत किया जाएगा।

रविवार को एयरपोर्ट की सजावट और यात्री सुविधाओं से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। पहले दिन इंडिगो एयरलाइंस दो विशेष उड़ानों समेत कुल आठ फ्लाइट संचालित करेगी।

**नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना होंगे किसान :** एक विशेष फ्लाइट सुबह 8:30 बजे नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना होगी। इसमें 170 किसान, जेवर विधायक और नोएडा एयरपोर्ट के अधिकारी जाएंगे। यह फ्लाइट 9:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी, जहां किसान सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर एयरपोर्ट के लिए आभार जताएंगे। वापसी में यह दोपहर 2:30 बजे लखनऊ से चलकर 3:30 बजे नोएडा पहुंचेगी।

**इन शहरों के लिए उड़ान शुरू :** नोएडा एयरपोर्ट से बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद और अमृतसर के लिए भी उड़ानें होंगी।

## बड़ौत पहुंचे सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा और रामअवतार जिंदल, शोकाकुल परिवार को दी सांत्वना

### सोहनलाल अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग

**श्रद्धांजलि**

**अपराधी की कोई जाति, धर्म या समुदाय नहीं होता : सांसद अतुल गर्ग**



**समाज के सभी वर्ग पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और यह एकजुटता अपराध के विरुद्ध समाज की सामूहिक भावना को दर्शाती है : रामअवतार जिंदल**

**शोक सभा**

**पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे : विधायक संजीव शर्मा**

**बड़ौत, करंट क्राइम।** टेंट व्यवसायी स्वर्गीय सोहनलाल अग्रवाल एवं उनके पुत्र स्वर्गीय विकास अग्रवाल के निधन पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा तथा समाजसेवी रामअवतार जिंदल ने बड़ौत पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। तीनों नेताओं ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार नहीं बल्कि पूरे समाज को झकझोर देने वाली है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि अपराधी की कोई जाति, धर्म या समुदाय नहीं होता, उसकी पहचान केवल उसके अपराध से होती है। समाज को सभी भेदभावों से ऊपर उठकर अपराध और अपराधियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। रामअवतार जिंदल ने कहा कि समाज के सभी वर्ग आज पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और यह एकजुटता अपराध के विरुद्ध समाज की सामूहिक भावना को दर्शाती है।


इस दौरान विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## अंतराष्ट्रीय ऐथलीट स्वर्गीय चिराग त्यागी की स्मृति में बनेगी लाइब्रेरी

### विधान परिषद के मुख्य सतेचक एमएलसी अश्विनी त्यागी ने लिखा सीडीओ को पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चिराग त्यागी की स्मृति में पुस्तकालय कानिर्माण होगा। गौरतलब है कि चिराग त्यागी अंतराष्ट्रीय स्तर के पैरा ऐथलीट थे उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस हत्या का खुलासा कर दिया है और हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। एमएलसी अश्विनी त्यागी ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है और पुस्तकालय निर्माण की बात कही है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि मुरादनगर के बसंतपुर सैंथली में अंतराष्ट्रीय ऐथलीट स्व० चिराग त्यागी की स्मृति में प्राईमरी विद्यायल नं० 2 के कक्ष संख्या 2 में पुस्तकालय का निर्माण किया जाये।



## यशोदा मेडिसिटी और जीई हेल्थकेयर मिलकर बढ़ाएंगे एआई आधारित ई-आईसीयू का दायरा

### 35 साल पुरानी साझेदारी को मिली नई मजबूती









### 'मेक इन इंडिया' पर रहा फोकस

**बैठक**

**रियल-टाइम ईसीजी डेटा इंटीग्रेशन से गंभीर मरीजों की निगरानी होगी तेज**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यशोदा मेडिसिटी ने जीई हेल्थकेयर और विप्रो जीई हेल्थकेयर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को रणनीतिक बैठक की। बैठक में एआई-संचालित ई-आईसीयू कमांड सेंटर के विस्तार और स्वास्थ्य सेवा में नवाचार को लेकर गहन चर्चा हुई। इसका उद्देश्य यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स तथा विप्रो जीई हेल्थकेयर के बीच 35 वर्षों से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करना रहा।

प्रतिनिधिमंडल में जीई हेल्थकेयर की चीफ कमर्शियल एंड ग्रोथ ऑफिसर कैथरीन एस्ट्राम्प्स, विप्रो जीई हेल्थकेयर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर राघवेंद्र राव वीएस और उत्तर प्रदेश सरकार की सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य रितु महेश्वरी शामिल रहीं। उन्होंने यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा तथा एमडी डॉ. उपासना अरोड़ा से मुलाकात की।

बैठक में जीई हेल्थकेयर की 'मेक इन इंडिया' पहल और किफायती, उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया। तय हुआ कि यशोदा मेडिसिटी में पहले से संचालित एआई आधारित ई-आईसीयू को जीई हेल्थकेयर के ईसीजी डेटा इंटीग्रेशन से और मजबूत किया जाएगा। इससे गंभीर मरीजों की रियल-टाइम निगरानी और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता बढ़ेगी। ई-आईसीयू प्रणाली के तहत क्लिनिक और अस्पतालों से ईसीजी डेटा सीधे यशोदा के केंद्रीय कमांड सेंटर भेजा जाएगा। विशेषज्ञ तुरंत रिपोर्ट देखकर ऑन-ग्राउंड टीम को मार्गदर्शन देंगे, जिससे समय पर इलाज सुनिश्चित होगा।

हब-एंड-स्पोक मॉडल पर आधारित इस सिस्टम को दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने की रूपरेखा पर भी सहमति बनी।

> "जीई हेल्थकेयर के साथ हमारी लंबी साझेदारी तकनीक-आधारित स्वास्थ्य समाधान को आगे बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं तक पहुंच बेहतर बनाने के साझा विजन को दर्शाती है। -डॉ. उपासना अरोड़ा



डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा, जीई हेल्थकेयर के साथ हमारी लंबी साझेदारी तकनीक-आधारित स्वास्थ्य समाधान को आगे बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं तक पहुंच बेहतर बनाने के साझा विजन को दर्शाती है।

यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने बैठक को सार्थक बताया।

## बदमाश बोले, योगी जी माफ कर दो, अब नहीं करेंगे क्राइम...
## ऑपरेशन क्लीन की डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने संभाली कमान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर कमिश्नरेट में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत सोमवार को नगर जोन के कैलाभट्टा क्षेत्र में अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ बड़ा सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने किया, जबकि एसीपी कोतवाली नगर उपासना पांडे, विजयनगर थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह व भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस टीम जैसे ही कैलाभट्टा इलाके में पहुंची, क्षेत्र में रहने वाले 120 से अधिक हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों के घरों पर दस्तक दी गई। इस दौरान कई अपराधी हाथों में तख्तियां लेकर पुलिस के सामने पहुंचे और कहा कि वे अब अपराध नहीं करेंगे। कुछ ने कैमरे के सामने हाथ जोड़कर यहां तक कहा कि योगी जी माफ कर दो, अब कभी अपराध नहीं करेंगे। अभियान के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने कई अपराधियों से सीधा संवाद भी किया। जब एक व्यक्ति से उसके आपराधिक इतिहास के बारे में पूछा गया तो उसने जवाब दिया, मेरा बाप करता था क्राइम, मैं तो मुर्गा काटने का काम करता हूं। इस पर पुलिस अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि दोबारा किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल पाया गया तो सीधे जेल भेजा जाएगा।

**कैलाभट्टा में अपराधियों के घर-घर पहुंची पुलिस :** पुलिस ने 120 से अधिक हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों का सत्यापन किया। तो वर्तमान पता, रोजगार और गतिविधियों की जांच की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों और स्थानों की विशेष चेकिंग हुई, तो अपराध छोड़ने और कानून का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी गई। क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्रवाई हुई।

### 1000 से ज्यादा अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर

करंट क्राइम : नगर जोन में 1000 से अधिक अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन अभियान सोमवार को हुआ। जिसमें लूट, स्नैचिंग, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल रहे लोगों की समीक्षा की गई। तो पुराने अपराधियों की वर्तमान गतिविधियों की निगरानी बढ़ाई गई है। वहीं भविष्य में अपराध करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### पुलिस का स्पष्ट संदेश अपराध छोड़ो या जेल जाने के लिए तैयार रहो : डीसीपी

करंट क्राइम : गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। डीसीपी धवल जयसवाल ने कहा है कि आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए हिस्ट्रीशीटरों एवं अपराधियों की निगरानी, सत्यापन और कार्रवाई का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है।

## 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 का भव्य शुभारंभ

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रथम दल को दिखाई हरी झंडी



**शुभारंभ**

**मानसरोवर यात्रा-2026 के प्रथम दल का श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य प्रस्थान हुआ**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 के प्रथम दल का अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य प्रस्थान हुआ।

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मंत्री सुनील शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इस प्रथम दल को विधिवत रवाना किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**47 श्रद्धालु नाथुला दर्रे से करेंगे 21 दिवसीय दिव्य यात्रा :** यात्रा के लिए कुल 50 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से गहन चिकित्सा परीक्षण के बाद 47 श्रद्धालु पूर्णतः स्वस्थ और यात्रा के योग्य पाए गए। इस दल को उनके लाइजन ऑफिसर, आईटीबीपी के जवानों और एक विशेष चिकित्सा दल के साथ विशेष बस द्वारा एयरपोर्ट के लिए रवाना किया गया। यह प्रथम दल सिक्किम स्थित नाथुला दर्रे के मार्ग से होकर भगवान शिव के पवित्र धाम कैलाश मानसरोवर की ओर प्रस्थान करेगा। इस 21 दिवसीय दिव्य और आध्यात्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालु कैलाश पर्वत की पवित्र परिक्रमा भी पूरी करेंगे।

### यात्रियों को मिलीं विश्वस्तरीय सुविधाएं, जताया आभार



करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा यात्रियों के पांच दिवसीय प्रवास के दौरान कैलाश मानसरोवर भवन में ठहरने, सात्विक भोजन, और चौबीसों घंटे चिकित्सा सहायता व एम्बुलेंस की विश्वस्तरीय व्यवस्था की गई थी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों के अनुकूल शरीर को तैयार करने के लिए यात्रियों को योग और प्राणायाम का विशेष अभ्यास भी कराया गया। श्रद्धालुओं ने इस उत्कृष्ट प्रबंधन और आत्मीय आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जीडीए की टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### शिवमय हुआ मानसरोवर भवन परिसर

करंट क्राइम। प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने कैलाश मानसरोवर भवन स्थित मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।

पूरा परिसर भजन-कीर्तन, शिव स्तुति और ढोल-नगाड़ों की थाप से सराबोर रहा। 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' और 'ॐ नमः शिवाय' के गगनभेदी उद्घोषों के बीच श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते हुए बसों में सवार हुए। वहां मौजूद जनसमूह ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों को विदाई दी और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की।

### शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद



करंट क्राइम। इस गरिमामयी विदाई समारोह के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता आलोक रंजन, अधिशासी अभियंता योगेश पटेल तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी (संयुक्त सचिव, धर्मार्थ कार्य निदेशालय) विश्व भूषण मिश्रा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने समस्त श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य, कुशल वापसी और सफल यात्रा की मंगलकामना की है।

# पीएम मोदी ने अमेरिका-ईरान शांति समझौते का किया स्वागत

## पीएम मोदी बोले- उम्मीद है कि इससे दुनिया में स्थिरता आएगी




**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के एलान पर प्रतिक्रिया देते हुए इसका स्वागत किया और कहा कि उम्मीद है कि इससे दुनिया में स्थिरता आएगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा 'मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक उथल-पुथल हुई है और कई देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में मदद मिलेगी और आवाजाही व व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। हम उम्मीद करते हैं कि बाकी मुद्दों पर बातचीत से एक टिकाऊ और अंतिम समझौता हो सकेगा।'

पीएम मोदी की यह प्रतिक्रिया, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस एलान के बाद आई है, जिसमें ट्रंप ने ईरान के साथ शांति समझौते पर सहमति बनने का एलान किया। ट्रंप ने बताया कि समझौते के तहत अमेरिका होर्मुज से अपनी नाकेबंदी को खत्म करेगा और ईरान भी जहाजों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करेगा। ईरान की तरफ से समझौते पर सहमति बनने की पुष्टि की गई है।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हस्ताक्षर होंगे। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के एलान के बाद दुनियाभर के बाजारों में उत्साह देखा गया। एशियाई बाजारों में आज वृद्धि दर्ज की गई और कच्चे तेल के दाम भी वैश्विक स्तर पर कम हुए हैं। जिससे हालात सामान्य होने की उम्मीद की जा रही है।

**इस्राइल के बयान ने क्यों बढ़ाई चिंता? :** हालांकि चिंताजनक बात ये है कि इस्राइल ने इस शांति समझौते का विरोध किया है। इस्राइल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्वीर ने कहा है कि यह समझौता इस्राइल पर लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इस्राइल एक आजाद और संप्रभु राष्ट्र है और वह अपनी सुरक्षा से जुड़े फैसले खुद करेगा।

उन्होंने कहा कि इस्राइल अमेरिका का सम्मान करता है और राष्ट्रपति ट्रंप का आभारी है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में कोई भी बाहरी समझौता उसके निर्णयों को नियंत्रित नहीं कर सकता। उनके अनुसार, किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से ऊपर इस्राइल की सुरक्षा और उसके नागरिकों की रक्षा है।

## अमेरिका-ईरान डील होने के बाद सरकार ने कहा, देश में पेट्रोल, डीजल-एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, घबराएं नहीं

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और स्थिर बनी हुई है। सरकार ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदने से बचने की अपील की है। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की




सप्लाई में किसी तरह की कमी नहीं है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री सामान्य से ज्यादा देखी गई है। हालांकि इसका कारण किसी तरह की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक, संस्थागत, वाणिज्यिक और प्रत्यक्ष उपभोक्ता अब अपनी ईंधन जरूरतों के लिए सीधे सप्लाई चैनल की बजाय खुदरा पेट्रोल पंपों से खरीदारी कर रहे हैं। इसी वजह से कुछ रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री के आंकड़े बढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार और तेल कंपनियां आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रही हैं।

## पहली उड़ान से लखनऊ आए जेवर के किसान बोले- 'योगी जी ने सपना साकार कर दिया'






**लखनऊ।** त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को पहली उड़ान लखनऊ के लिए रवाना हुई, जो कई किसानों के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक पल बन गई।

इस उड़ान की सबसे खास बात यह रही कि इसमें यात्री के रूप में वे किसान भी सवार थे, जिन्होंने एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन दी थी। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे किसानों के चेहरे पर खुशी, गर्व और भावुकता साफ दिखाई दी। वे अपने गांव से सीधे प्रदेश की राजधानी में उतरे थे। किसानों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हवाई जहाज में सफर करने का वर्षों पुराना उनका सपना आज पूरा हो गया है। किसानों ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। जेवर की रहने वाली पूनम ने बताया कि एयरपोर्ट परियोजना के लिए उनकी जमीन अधिग्रहीत हुई थी। उन्होंने कहा कि आज पहली बार हवाई जहाज में बैठने का अवसर मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है। पूनम ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलने आईं हैं और इस अवसर को जीवन का सबसे सुखद पल मानती हैं।

किसान धर्मवीर शर्मा ने कहा कि उनके गांव में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। उन्होंने कहा कि हवाई चप्पल पहनने वाले किसानों को हवाई जहाज में बैठाकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उसकी प्राथमिकता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह का विशेष आभार जताते हुए कहा कि किसानों से किया गया हर वादा पूरा किया गया है। उड़ान में शामिल हिरा रशीद भी बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने कहा कि लखनऊ तक की हवाई यात्रा उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक धीरेंद्र सिंह को दिया। योगी जी ने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया।

## श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी ने किया हनुमान जी की मूर्ति का वस्त्र श्रृंगार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान के मुख्य हनुमान द्वार पर विराजमान संकटमोचन हनुमान जी की मूर्ति का रविवार को भव्य वस्त्र श्रृंगार किया गया। श्रृंगार कार्यक्रम में हनुमान जी को नई चुनरी, पुष्पमाला, मुकुट एवं विशेष सिंदूरी श्रृंगार से सजाया गया।

कमेटी के अध्यक्ष अशोक चांदीवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कमेटी के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के बीच हनुमान जी का श्रृंगार कर आरती की गई।

अध्यक्ष अशोक चांदीवाल ने कहा कि हनुमान जी को श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक माना जाता है। रामलीला आयोजन से पूर्व हनुमान जी का श्रृंगार करना हमारी परंपरा है, जिससे रामलीला निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे रामलीला के आगामी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें। कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष बीरेंद्र बाबू वर्मा ने बताया कि कमेटी वर्ष 2026 की रामलीला को पूर्व वर्षों की भांति भव्य एवं दिव्य रूप में आयोजित करने हेतु प्रतिबद्ध है। हनुमान जी के आशीर्वाद से इस बार भी रामलीला सामाजिक सौहार्द एवं धार्मिक उल्लास का प्रतीक बनेगी।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहन सिंह रावत, राकेश त्यागी, रविन्द्र सिंह राणा, प्रदीप चौधरी, भगीरथ सिंह रावत, नीरज त्यागी, अरूण शर्मा, राजेश शर्मा, तरूण शर्मा, पूजा सिंह, पुष्पा पाण्डेय, आर एस शर्मा, मोनू त्यागी, रिषभ तिवारी, देवेन्द्र शर्मा चिंटू, छोटे लाल, विपिन त्यागी, शुभ चौधरी, निखिल कुमार, कपिल वशिष्ठ, कर्ण सिंह, दीपक वर्मा, मनोज कुमार वर्मा सहित अनेकों रामसेवक उपस्थित रहे।

## नीम करौली बाबा के भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली चाइल्ड चौराहे पर नीम करौली बाबा के पावन भंडारे का आयोजन समाजसेवी अमित गर्ग एवं अनुज मित्तल द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल रामावतार जिंदल, व्यापारी नेता राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले), पार्षद राजीव शर्मा, विनील दत्त, नीरज गोयल, सुनील यादव, उदित मोहन, छोटेलाल, अनिल कल्याणी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



आयोजक अमित गर्ग एवं अनुज मित्तल ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं सम्मान किया। इसके उपरांत सभी ने एक साथ बैठकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा लोगों में सेवा, सहयोग और आध्यात्मिकता की भावना को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन नीम करौली बाबा के जयकारों एवं सभी के मंगलमय जीवन की कामना के साथ हुआ।

## मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल, भारत बना आर्थिक और डिजिटल महाशक्ति: संजीव त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद व एडवोकेट संजीव त्यागी ने केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक और बेमिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में भाजपा सरकार ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति और जन-कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। संजीव त्यागी ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा: आर्थिक व डिजिटल प्रगति: भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और यूपीआई के माध्यम से डिजिटल लेनदेन में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर है। 'आयुष्मान भारत' से गरीबों को मुफ्त इलाज मिला है, जबकि 'पीएम आवास योजना' और 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत करोड़ों पक्के मकानों व शौचालयों का निर्माण हुआ है। 'जन धन योजना' ने बैंकिंग सेवाओं को देश के हर नागरिक तक पहुँचाया है। उन्होंने निष्कर्ष रूप में कहा कि बीते 12 वर्षों की यह विकास यात्रा और जनकल्याणकारी नीतियां देश के इतिहास में मील का पत्थर हैं, जिसने वैश्विक मंच पर भारत की छवि को बेहद मजबूत किया है।

## तमिलनाडु में तीन साल की बच्ची से दरिंदगी, राज्य में सियासी उबाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में एक तीन साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है, जिसे लेकर राज्य में सियासी उबाल आ गया है। दरअसल दुष्कर्म के बाद बच्ची की मौत हो गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बिहार के एक प्रवासी मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित परिवार भी बिहार का ही है और गुम्मिडीपुंडी के एक औद्योगिक क्षेत्र में रहता है। रविवार को बच्ची घायल अवस्था में झाड़ियों में मिली थी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

## 'अलख' का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

### 35 रचनाकारों ने एक मंच से किया काव्यपाठ, पांच घंटे बही कविताओं की निर्मल धारा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'अलख राष्ट्रीय साहित्य संस्कृति एवं शिक्षा ट्रस्ट' (रजिस्टर्ड) गाजियाबाद के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित काव्योत्सव में 35 रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। संजय नगर के भागीरथ पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की विशेष बात ये रही कि देश के जाने-माने कवियों के साथ उभरते व नवोदित कवियों ने भी अपनी रचनाएँ पढ़ीं। मुख्य अतिथि सिकंदराबाद के विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने कहा कि इस तरह के साहित्यिक आयोजन पूरे शहर के लिए चेतना का काम करते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष शायर राज कौशिक ने कहा कि गाजियाबाद ने अतुलनीय विकास किया है मगर साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए किसी सस्ते स्थान का न होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

कवि मनोज कुमार 'मनोज', डॉ. अक्षय प्रताप 'अक्षय', भाजपा जिला उपाध्यक्ष रनिता सिंह, कवयित्री प्रतिभा त्रिपाठी, ले. कर्नल प्रदीप खरे विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। संचालन कवयित्री डॉ. निवेदिता शर्मा ने किया। संस्था की संस्थापिका पूजा चौहान, रविंद्र चौहान एवं डॉ गार्गी सिंह ने सभी का स्वागत किया। पूजा चौहान ने कहा कि प्रथम वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित काव्योत्सव में 35 रचनाकारों द्वारा काव्यपाठ किया जाना बहुत ही प्रसन्नता की बात है। उन्होंने साहित्यिक आयोजन हेतु उपलब्ध कराने के लिए भागीरथ संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल और प्रबंधक अनादि सुकुल का



करंट क्राइम। मुख्य अतिथि सिकंदराबाद के विधायक लक्ष्मी राज सिंह को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

आभार व्यक्त किया।

काव्य पाठ करने वाले रचनाकारों में डॉ उषा श्रीवास्तव, डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ सरिता गर्ग सरि, रक्षा सिन्हा, हिमांशु शुक्ला, संगीता वर्मा, प्रभाषा पाल, यश शर्मा, आशु सिंह, स्वाति पूजा, प्रेरणा मल्होत्रा गुप्ता, जगदीश चंद्र वर्मा, सरोज दुबे, अपर्णा गर्ग शिव, प्रेरणा भारद्वाज, शालिनी शर्मा, नीति मिश्रा, पूनम सिंह, नीरज त्यागी, रोहित कुमार, दीपक दीप प्रमुख रहे। अलख ट्रस्ट द्वारा दो बच्चों शिवानी चौधरी और पूजा को शिक्षा के लिए अंगीकृत करते हुए उन्हें सन्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय गान के उपरांत कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## इंदिरापुरम टेबल टेनिस प्रीमियर लीग का समापन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यूनाइटेड स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में इंदिरापुरम टेबल टेनिस प्रीमियर लीग 2026 का सफल आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के करीब 140 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, मेंस, विमेंस, वेटरन्स और मिक्स्ड डबल्स वर्ग में कराई गई। मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय महिला टीम कप्तान सुश्री राधा प्रिया गोयल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व बताया। विशिष्ट अतिथि सुमित त्यागी, विकास मोहन, अविनाश दवे और निधि माकन ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। लेट्स प्ले अकादमी के संचालक अमित गुप्ता ने आयोजन व्यवस्थाओं का संचालन किया। यूएसएफ अध्यक्ष पुनीत मारवाह ने पूरे आयोजन का सफल नेतृत्व किया।




अंडर-11 विराज श्रीवास्तव, अंडर-13 तनिष्क, अंडर-15 सारांश अग्रवाल, अंडर-17 रितेश, मेंस दीपांशु पाल, विमेंस व वेटरन्स विमेंस अर्चना, मिक्स्ड डबल्स हेमंत डागर-दीपांशु पाल, वेटरन्स 50+ व 40+ मेंस हेमंत डागर। सभी विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल दिए गए। फेडरेशन ने भविष्य में भी उभरती प्रतिभाओं को मंच देने का संकल्प दोहराया।

## केरल होगा ड्रग्स मुक्त: 'ऑपरेशन तूफान' का दिखने लगा असर

### गृह मंत्री बोले- नशे के खिलाफ मिलकर लड़ें जंग



**त्रिशूर।** केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने सोमवार को कहा कि राज्य का मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान, ऑपरेशन तूफान, सफल साबित हो रहा है। उन्होंने लोगों से मादक पदार्थों के खतरे को खत्म करने की इस पहल में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया।

यहां एक सभा को संबोधित करते हुए चेन्निथला ने कहा कि समाज ने मादक पदार्थों की समस्या की गंभीरता को पहचानना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी अहम है। उन्होंने कहा, 'यह अभियान सफल साबित हो रहा है क्योंकि समाज ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग आज हमें प्रभावित करने वाली सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। इस चुनौती से पार पाने में हर किसी की भूमिका है।' मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में केरल में मादक पदार्थों के दुरुपयोग में काफी वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्यवश, युवा पीढ़ी के कई सदस्य जानबूझकर या अनजाने में नशे की लत में फंस रहे हैं। ऑपरेशन तूफान का उद्देश्य उन्हें इस खतरे से बचाना है।'

चेन्निथला ने कहा कि यह अभियान केवल पुलिस कार्रवाई के दम पर सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, 'पुलिस, उत्पाद शुल्क, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग, साथ ही अन्य सभी संबंधित क्षेत्रों को मिलकर काम करना होगा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अभियान जनता तक पहुंचना चाहिए।

## असम में रेलवे स्टेशन के पास चलता था नशे का रैकेट, 10 पकड़े



**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ जिले में एक बड़े अभियान में मादक पदार्थों की तस्करी के 10 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही कई प्रतिबंधित वस्तुओं सहित कई आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त की गई हैं। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी।

डिब्रूगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, रविवार को डिब्रूगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास कालीबाड़ी क्षेत्र की हरिजन कॉलोनी में चलाए गए अभियान में हेरोइन, नकदी, वाहन, मोबाइल फोन और सोना जब्त किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'एक गुप्त सूचना के आधार पर, कई पुलिस टीमों ने शहर के मध्य में संचालित एक संगठित मादक पदार्थों की तस्करी नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए कई परित्यक्त रेलवे कॉलोनी क्वार्टरों और अन्य स्थानों पर समन्वित छापे मारे।'

अधिकारी ने बताया कि कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, पूछताछ के दौरान कई और नाम सामने आए हैं और नेटवर्क से कथित तौर पर जुड़े अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने आगे बताया, 'ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने आठ कंटेनरों में छिपाई गई 79.55 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की। पुलिस ने एक मोबाइल हैंडसेट और एक सिम कार्ड भी जब्त किया।'

एसपी ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसी सिरिंजें भी जब्त की गईं जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर नशीली दवाओं के सेवन और वितरण के लिए किया जाता था। उन्होंने आगे कहा, 'इनमें छह इंसुलिन सिरिंज वाले 40 पैकेट शामिल थे, जिससे कुल संख्या 240 सिरिंज हो गई।

## दिल्ली पुलिस की पहल: अब हर शनिवार थानों में होगी जन सुनवाई

**दिल्ली।** राजधानी में कानून-व्यवस्था और जन शिकायतों के निवारण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिल्ली पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के निर्देशों के बाद जारी दिशानिर्देशों के तहत अब दिल्ली के सभी थानों में प्रत्येक शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक थाना दिवस-जन सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पुलिस व्यवस्था में जनता का विश्वास बढ़ाना है। जन सुनवाई में केवल थाना स्तर के कर्मचारी ही नहीं, बल्कि स्पेशल सीपी, जॉइंट सीपी, डीसीपी, एसीपी और एसएचओ स्तर के अधिकारी भी रोटेशन के आधार पर उपस्थित रहेंगे।

नए निर्देशों में कहा गया है कि जिले के डीसीपी, एसीपी और एसएचओ व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत की अनदेखी न हो। अधिकारियों को स्पष्ट



रूप से निर्देश दिया गया है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

दिल्ली पुलिस ने तकनीकी बाधाओं को भी दूर करने का फैसला किया है। अब जन सुनवाई में आने वाले लोगों की शिकायतें बिना पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण के भी स्वीकार की जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति सीधे थाने में शिकायत लेकर पहुंचता है, तो उसे दर्ज किया जाएगा और बाद में डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जो ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने में कठिनाई का सामना करते हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## सांसद अतुल गर्ग ने की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात

### और करा दिया जल भराव की समस्या का समाधान

**सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि रेल मंत्री ने पत्र द्वारा अवगत कराया है कि इसकी जांच कराई जा रही है और जांच के बाद आवश्यक और उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपने लोकसभा क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या को लेकर एक्टिव रहते हैं। समस्या उनके संज्ञान में आती है तो उसका समाधान जरूर होता है। नेहरू नगर गुलमोहर सोसाइटी और आस-पास के क्षेत्रों में जल भराव की गंभीर समस्या के समाधान हेतु अतुल गर्ग ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था और रेलवे क्रासिंग के नीचे कल्वर्ट नाला निर्माण का अनुरोध किया था। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि रेल मंत्री ने पत्र द्वारा अवगत कराया है कि इसकी जांच कराई जा रही है और जांच के बाद आवश्यक और उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी। सांसद अतुल गर्ग ने अंडर पास के विस्तारीकरण का विषय प्रमुखता से उठाया। फिलहाल अब इस आश्वासन के बाद समाधान की राह बन रही है।

## क्या भाजपा की राजनीति में उठ रहा है अंदर ही अंदर कोई तूफान

### किस जनप्रतिनिधि के बारे में भर दिये हैं दो जनप्रतिनिधियों ने ही कान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवा राजनीति में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। यहां तीर भी फ्लावर वाले हैं और निशाने पर भी फ्लावर वाले हैं। सूत्र बता रहे हैं कि अब घमासान की नौबत आ रही है और भाजपा की राजनीति में एक तूफान कभी आ सकता है। सूत्रों की मानें तो हाल ही में प्रभारी मंत्री आये थे और पार्टी के दो बड़े नेता भी आये। बताया जाता है कि दो जनप्रतिनिधि जाकर भाजपा के ही एक तीसरे जनप्रतिनिधि की शिकायत करके आये हैं। अब शिकायत में क्या कहा गया है इसका भी खुलासा जल्द हो जायेगा। शिकायत किधर से किधर को हो रही है फिलहाल ये माना जा रहा है कि भाजपा में सबकुछ कूल नहीं चल रहा है। यहां किसी भी मामले को तूल दिया जा सकता है। अंदर खाने ये बवाल मच गया है। ये विरोध की आग सुलग रही है। क्योंकि जिन दो जनप्रतिनिधियों ने जाकर प्रभारी मंत्री से लेकर बड़े नेताओं तक शिकायत की है वो बात भी बाहर आ गई है। फिलहाल दोनों पक्ष एक दूसरे को वॉच कर रहे हैं।



## खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडे के अभिनंदन कार्यक्रम की शुरू हो गई तैयारियां पंकज शर्मा के नेतृत्व में टीमों को सौंप दी गई हैं जिम्मेदारियां

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में निकटता का एक अर्थ होता है। निकटता कई बार बताइ नहीं जाती वो एक बड़े कार्यक्रम से दिखाई जाती है। राजनीति में अपने प्रिय नेता के लिये एक कार्यक्रम आयोजित होता है और ये बताया जाता है कि हम आपके हैं और यदि कभी भी हमारी जरूरत पड़ेगी तो हम इस ताकत के साथ नजर आएंगे। भाजपा की राजनीति में मनोज पांडे को कैबिनेट में स्थान मिला है, वो खाद्य एवं रसद मंत्री बनाए गए हैं। गाजिाबाद में भाजपा नेता तथा रेलवे सलाहकार बोर्ड सदस्य पंकज शर्मा का मनोज पांडे से करीबी नाता है। पंकज शर्मा कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे को अपनाप राजनीतिक गुरु मानते हैं। वो





उन्हें राजनीति में अपना आदर्श भी मानते हैं। मंत्रालय मिलने के बाद पंकज शर्मा अपने राजनीतिक गुरु कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे के स्वागत में एक बड़ा अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कराने जा रहे हैं। ये कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। पंकज शर्मा का ये कार्यक्रम हिट होगा इसमें कोई शक नही है। यही वजह भी है कि उन्होंने अपने कार्यक्रम के लिये सबसे बड़े सभागार को चुना। आमतौर पर दूसरे ऑडिटोरियम या अन्य स्थानों पर 400-450 लोगों की क्षमता होती है, लेकिन पंकज शर्मा ने इस कार्यक्रम को ऊंचाई ही आयोजन स्थल से दी है। उन्होंने एक ऐसे ऑडिटोरियम को बुक किया है जिसकी सिटिंग क्षमता ही 1100 लोगोंकी है। जब कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे आएंगे तो यहां पंकज शर्मा उनके अभिनंदन के लिये एक बड़ी भीड़ जुटाएंगे। पंकज शर्मा इस काम को बड़ी आसानी से कर लेंगे। उसकी वजह भी यह बताई जाती है कि पंकज शर्मा एक ऐसे नेता हैं जिनके पास अपनी टीम है। जब वो भाजपा में शामिल हुए थे और गाजियाबाद के दुधेश्वरनाथ मंदिर में पहुंचे थे तो यहां यूथ की एक बड़ी टीम उनके साथ थी और ये एक संदेश था कि हम राजनीति में अपनी एक ताकत रखते हैं। पंकज शर्मा राजनीति का एक ऐसा चेहरा हैं जो उच्च शिक्षित हैं, शानदार वक्ता हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो एक मजबूत जनाधार रखते हैं। अपनी बात को स्पष्टता से रखते हैं। भाजपा में आने के बाद एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराने जा रहे हैं। 21 जून को कार्यक्रम होना है और सारे शहर में तैयारियां दिखाई दे रही हैं। उनके समर्थकों ने होर्डिंग लगा दिये हैं। बड़ी बात ये है कि यहां होर्डिंग वाली टीम में भाजपा के नेता भी हैं।

पंकज शर्मा के ब्राह्मण समाज के चेहरे हैं और केवल कहानी यहीं तक नहीं है, वो व्यापारियों को साथ लेकर चले हैं। गोविंदपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू के फोटो सहित होर्डिंग हैं, भाजपा नेता तरुण शर्मा के फोटो सहित होर्डिंग हैं, भाजपा नेता संजयकांत शर्मा के फोटो सहित होर्डिंग हैं और ये एक लंबी फेहरिस्त है। पंकज शर्मा इस आयोजन के माध्यम से अपनी सियासी ताकत को लोकल संगठन को भी दिखाएंगे। हालांकि वो एक ऐसे नेता हैं जो इंटरनल टकराव में कम विश्वास रखते हैं। वो सबको साथ लेकर चलते हैं और जिस तरह से तैयारियां चल रही हैं उससे ये लग रहा है कि ये कार्यक्रम हिट होने जा रहा है। अभिनंदन समारोह में वो ताकत जुटेगी ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। ये अभिनंदन समारोह एक बड़ा संदेश गाजियाबाद से देगा। पंकज शर्मा भी जानते हैं कि ऐसा मौका नहीं मिलेगा, लिहाजा वो उस तैयारी के साथ हैं जिसमें वो इस मौके को मिस नहीं करेंगे।

## प्रदेश के बड़े चौधरी आए और कह गये बात सटीक जैसा हमने कहा था, तुमने वैसा नहीं दिया है आशीष

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कई बार इशारो ही इशारो में बात कही जाती है और समझने वाले उसे भी समझ जाते हैं। बड़े नेता अगर किसी के लिये सिफारिश भी करते हैं तो उनका एक अंदाज होता है। वो ये चाहते हैं कि सामने वाला इशारों को समझ लें। लेकिन अगर कोई उसे ना समझें तो फिर वो बातों ही बातों में बात सुना भी जाते हैं। किस्सा एक कार्यक्रम में हुए एक घटनाक्रम से जुड़ा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बड़े चौधरी साहब आए थे। चौधरी साहब राजनीतिक के पुराने खिलाड़ी हैं। यहां पर चौधरी साहब के सामने संगठन के प्रमुख चेहरे आ गए। प्रमुख चेहरे ने अपने चिरपरिचत अंदाज में स्माइल दी और फिर बड़े स्टाइल से बता दिया कि आपने जो आदेश दिया था मैंने उसका पालन किया है, आपने किसी को आशीष देने के लिये कहा था, मैंने दे दिया है। प्रमुख चेहरे को लगा कि स्टेट वाले चौधरी इस बात को सुनकर प्रसन्नता व्यक्त करेंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि चौधरी साहब के पास पूरी अप-टू-डेट जानकारी रहती है। लिहाजा जब आशीष वाली बात आई तो लखनऊ वालों ने गाजियाबाद वालों की तरफ देखा। वो जानते हैं कि राजनीति में बड़े नेता के शब्दों का क्या वजन होता है। लिहाजा यहां भी कुछ ऐसी स्थिति दिखाई दी और बताते हैं कि स्टेट वालों ने साफ कह दिया कि जितना आशीष हम चाहते थे उतना आशीष तुम दे नहीं पाये। फिर रिमाइंड कराया कि हमारे कहने के बाद भी ना तो तुमने जनरल सैक्रेटरी पद पर कंसिडर किया और ना ही तुमने उन्हें वाइज प्रेजिडेंट वाले फ्रेम में फिट किया। तुम तो उस वाले कॉलम में उनका ले गये जहां पहले ही कई वजीर बैठे हैं। एक संदेश था कि तुम्हें कम से कम इतना समझ लेना चाहिए था कि सिफारिश अगर ठीक जगह से आ रही है तो फिर प्लेसमेंट वीक नहीं होना चाहिए था। अगर वजनदार फोन है तो रेस्पोंस भी असरदार होना चाहिए। ये किस्सा भाजपाइयों में गूंज रहा है।

## तो क्या इसलिए हुई है भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन की डेट शिफ्ट


### कार्यक्रम में आ सकता है क्या मुख्यमंत्री के चीफ गेस्ट वाला ट्विस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीतिक दलों के कार्यक्रम काफी पहले फिक्स हो जाते हैं। जगह की उपलब्धता, बड़े नेता का समय और उपयुक्त मौका देखा जाता है। भाजपा जैसे राजनीतिक दल में किसी भी कार्यक्रम की मिनट टू मिनट प्लानिंग बनती है। उसके बार कार्यक्रम चलता है। भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन वसुंधरा में होना था। इसके लिये 16 जून की डैट फिक्स हो गई थी। लेकिन अब ये डेट आगे शिफ्ट हो गयी है। प्रबुद्ध सम्मेलन को लेकर संगठन ने तैयारी की। प्रबुद्ध सम्मेलन के लिये कई लोगों को निमंत्रण दिया गया, लेकिन बताते हैं कि 16 जून की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। वसुंधरा के इस कार्यक्रम में अब संभावित डेट 19 जून की मानी जा ही है। प्रबुद्ध सम्मेलन की डेट क्यों आगे बढ़ाई गई है इसको लेकर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ट्विस्ट बताया जा रहा है। बताया जाता है कि 19 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गाजियाबाद आना है। वो यहां बने कैलाश मानसरोवर भवन से श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना करेंगे। प्रबुद्ध सम्मेलन और कैलाश मानसरोवर कार्यक्रम को इंटरकनेक्ट किया जा रहा है। ये माना जा रहा है कि चूंकि मुख्यमंत्री 19 को कैलाश मानसरोवर भवन आ रहे हैं इसलिये प्रबुद्ध सम्मेलन की डेट आगे बढ़ाई गई है। ये माना जा रहा है कि मख्यमंत्री कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ- साथ प्रबुद्ध सम्मेलन में भी मुख्य अतिथि के रूप में आ सकते हैं। इसलिये वसुंधरा में होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन की डेट आगे बढ़ा दी गई है।

## उदिता त्यागी ने किया सवाल चिराग त्यागी के यहां कौन-कौन गये

### सांसद बोले हम वहां सबसे पहले गये और ये निवेदन कि हर मुद्दे को सियासी ना बनायें






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनप्रतिनिधि सुख और दुख दोनों में जनता के यहां जाते हैं। बड़ौत में गम की घड़ी थी तो सांसद अतुल गर्ग गये, विधायक अजीत पाल त्यागी गये, विधायक संजीव शर्मा गये। इस बात को लेकर भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा संयोजिका उदिता त्यागी ने एक पोस्ट डाली और पूछा कि पंचायत में कौन-कौन गया और चिराग त्यागी के यहां कौन-कौन गये। जाहिर है कि यहां सीधी मंशा ये पूछने की थी कि चिराग त्यागी के यहां जनप्रतिनिधि गये या नहीं गये। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मुद्दे को लेकर सांसद अतुल गर्ग से बात की तो उन्होंने कहा कि शोक की घड़ी में राजनीति ठीक नहीं होती। हर विषय राजनीतिक नहीं होना चाहिए और ये समय यह बहस का नहीं है कि हम कहां गये हैं, कहां नहीं गये हैं। उन्होंने कहा कि दुख को कभी भी जाति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए और गम की घड़ी में कभी तुलनात्मक विचारधारा ठीक नहीं होती है। ऐसी शिकायतें मेरे विचार से ठीक नहीं है। यहां सांसद अतुल गर्ग ने खुलासा किया कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हम सबसे पहले चिराग त्यागी के यहां ही गये हैं। अकेला सांसद के रूप में मैं नहीं गया हूं बल्कि चिराग त्यागी के यहां राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी गये हैं। बड़ौत की घटना में भी हम गये हैं। अपराध को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रूख एकदम स्पष्ट है। अपराध के लिए जीरो टॉलरेंस नीति है। हम शोक संवेदना व्यक्त करने गये थे और चिराग त्यागी के यहां भी उनके पूरे परिवार से मिले थे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हमें दुख की घड़ी में एकजुट होना चाहिए। मानवता का परिचय देना चाहिए और एक बार फिर बता दूं कि हम जनप्रतिनिधि स्वर्गीच चिराग त्यागी के यहां सबसे पहले गये थे और शोक व्यक्त किया था। एक बार फिर विनम्र अनुरोध है कि गम की घड़ी में तुलना नहीं की जाती।

## नामित पार्षद सुमन जाटव ने काम किया मानवता का महान पार्षद मदन राय को अस्पताल पहुंचकर किया रक्तदान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मानवता की सबसे बड़ी पहचान यही होती है कि जब हम एक-दूसरे के दुख में भी काम आए। एक-दूसरे को सहयोग करें और मदद की एक मिसाल बनें। गौरतलब है कि पार्षद मदन राय इन दिनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनके इलाज की मदद के लिये पार्षद एकजुट हो रहे हैं। वो पार्षदों के लिये मेडिकल इंश्योरेंस की मांग कर रहे हैं। इस बीच एक मानवीय खबर दिल्ली के उस अस्पताल से आई जहां पार्षद मदन राय का उपचार चल रहा है। ये खबर ऐसे समय में आई है जब निर्वाचित और नामितों के बीच मतभेद की कहानी चल रही है, लेकिन नामित पार्षद सुमन जाटव ने एक बड़ी मिसाल पेश की है और उन्होंने एक ऐसा काम किया है जो सबके लिये अनुकरणीय है।

पार्षद सुमन जाटव राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर पहुंची। यहां उन्होंने पार्षद एकता की एक मिसाल दी और अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती पार्षद मदन राय को रक्तदान किया। ऐसे समय में किसी की जीवन रक्षा के लिये आगे आना ये बताता है कि संघर्ष और विरोध अपनी जगह है लेकिन मानवीयता अपनी जगह है।

पार्षद सुमन जाटव ने मदन राय को रक्त दिया। खास बात ये है कि जब ये मुहिम व्हाट्सएप पर चल रही है तब सुमन जाटव गाजियाबाद से दिल्ली पहुंची। उस अस्पताल पहुंची जहां पार्षद मदन राय को भर्ती कराया गया है और उन्होंने रक्तदान कर ये बताया है कि हम सब पार्षद दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। सुमन जाटव ने एक अच्छी पहल की है और ये रिश्तों में सुधार का एक सकारात्मक कदम है।

## इलेक्शन वाले और सलेक्शन वालों की जंग ने कर दिया है भाजपा संगठन को भी दंग

### विपक्ष बैठा है खामोश और भाजपा के पार्षदों में दिख रहा आपस में ही रोष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की बोर्ड बैठक हमेशा की तरह हंगामेदार रही लेकिन कहानी का सबसे रोचक मोड़ ये है कि बोर्ड बैठक में फूल आपस में उलझ गये। भाजपा को विपक्ष की जरूरत ही नहीं पड़ी और उसके पार्षदोंने आपस में पक्ष और विपक्ष का विचार किया। और भाजपा के इस घमासान को विपक्ष के पार्षद देखते रहे। ये पहली बारहो रहा था जब सदन में वो पार्षद आपस में उलझ रहे थे जिन्हें जनताने एक ही दल के नाम पर वोट देकर सदन में भेजा। निगम के अधिकारी हैरान, बैठक में बैठे कर्मचारी हैरान कि आखिर इस भगवा घमासान में विपक्ष क्यों नहीं कूद रहा है। कमाल ये था कि भाजपा का पार्षद कोई मुददा उठाता था और उस मुददे की काट के लिए भाजपा का ही पार्षद खड़ा हो जाता था। भाजपा की महिला पार्षद ने भाजपा के ही नामित पार्षद को धमका दिया। पहली बार ये देखने में आया कि नामित पार्षदों और निर्वाचित पार्षदों के बीच अधिकारों की जंग चल रही थी। नामित पार्षद अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे थे और रोचक पहलू ये कि नामित भी भाजपा थे और निर्वाचित भी भाजपा थे। सरकार ने नामित पार्षद बनाकर सदन में भेजा है और उनका भी कुछ तो अधिकार बनता है। वो भी तो विकास की प्रक्रिया का एक हिस्सा हैं। मगर चर्चा अब भाजपा में हैं कि आखिर ऐसा क्या है कि नामित और निर्वाचित आपस में उलझ रहे हैं।

### क्या नामित और निर्वाचित पार्षदों की होनी चाहिए स्नेह कार्यशाला

करंट क्राइम। निगम की बोर्ड बैठक में उम्रदराज पार्षद उलझ गये। महिला सम्मान वाली भाजपा में भाजपा के महिला और पुरूष पार्षद उलझ गये। एक दूसरे से माफी मंगवाने की बातें होने लगीं। ये आवाज कई वार्डों से उठ रही है। ऐसे में भाजपा के ही एक पूर्व नामित पार्षद ने कहा कि सदन तो पहले भी रहा है और नामित तो पहले भी रहे हैं लेकिन इस बार ऐसा क्या तूफान आ गया है कि विरोध का उफान नहीं थम रहा है। कोई चार मौहल्ले टाप कर समस्या का समाधान कराने आ रहा है। कोई नगर निगम में दरबार लगा रहा है। यहां भाजपा के ही पूर्व नामित पार्षद ने ये सुझाव दियाकि इस टकराव से रिजल्ट अच्छे नही आयेंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि नामित पार्षदों और निर्वाचित पार्षदों की एक स्नेह कार्यशाला आयोजित की जाये। उसमें बताया जाये कि किस तरह से मिलकर साथ चलना है। किन मुददों को उठाना है।

### मैडम-अधिकारी या फिर संगठन की ये जिम्मेदारी

करंट क्राइम। सरकार के पार्षद आपस में उलझ रहे हैं और पूरा शहर तमाशा देख रहा है। नामित पार्षदों के आचरण और उनकी शब्दावली को लेकर भी निर्वाचितों में आक्रोश है। वहीं नामितों का भी ये कहना है कि एक्शन का ही रिएक्शन है। फर्क इतना है कि वो जनता के इलैक्शन से आये हैं और हम सरकार के सलैक्शन से आये हैं। नामित और निर्वाचितों की टयूनिंग कौन ठीक करायेगा ये एक सवाल है। क्या सदन में मैडम के सामने उलझ रहे ये पार्षद कक्ष में मैडम की सलाह को, निर्देश को मान लेंगे। क्या निगम के अफसर अगर कोई बात समझायेंगे तो क्या समस्या का समाधान हो जायेगा। क्या संगठन को यहां दखल देना चाहिए और ये बताना चाहिए कि नामित हो या निर्वाचित आप दोनों ही भाजपा के कार्यकर्ता हो और भाजपा की कार्यसंस्कृति का पालन करना चाहिए।

## पार्षद पति डॉ. पवन गौतम पर शास्त्री नगर में जानलेवा हमला, इनोवा क्रिस्टा से कुचलने का प्रयास

### पुलिस जांच में जुटी, आरोपी हिरासत में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कविनगर थानाक्षेत्र में रविवार देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। वार्ड-18 की पार्षद के पति एवं डॉ. पवन गौतम पर कथित रूप से जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि एक सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा सवार हमलावर ने उन्हें कुचलकर मारने की नीयत से कई बार गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। हालांकि डॉ. गौतम की सूझबूझ और सतर्कता के चलते उनकी जान बच गई, लेकिन उनकी कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



रात करीब एक बजे डॉ. पवन गौतम कार्टे चौक स्थित गुड्डू जी चाप के सामने मौजूद थे। तभी उत्तर प्रदेश नंबर की सफेद इनोवा क्रिस्टा तेजी से उनकी ओर बढ़ी।


चालक ने उन्हें निशाना बनाते हुए तीन से चार बार गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि खतरे को भांपते हुए डॉ. गौतम ने अपनी जान बचाने के लिए पास में खड़ी अपनी कार की आड़ ले ली। जब हमलावर उन्हें कुचलने में नाकाम रहा तो उसने गुस्से में आकर उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। डॉ. गौतम ने समय रहते खुद को नहीं बचाया होता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### नहीं मिला 112 नंबर

करंट क्राइम : वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद डॉ. पवन गौतम ने पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने नजदीकी पुलिस चौकी पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चर्चा और आक्रोश का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। डॉ. पवन गौतम ने कहा कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि उन्हें नुकसान पहुंचाने की नीयत से किया गया हमला प्रतीत होता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा। देर रात हुए इस कथित जानलेवा हमले ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि अब सभी की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।





# संवाद

## संपादकीय

# हवाई सुरक्षा पर सवाल

देश में हवाई सफर को सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए विमान सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। नए-नए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों का निर्माण किया जा रहा है। मगर यात्रियों की सुरक्षा के मोर्चे पर माकूल व्यवस्था का अभाव आज भी साफ नजर आता है। तकनीकी खराबी, प्रशिक्षित कर्मियों की कमी, मौसम की अप्रत्याशित चुनौतियों और सतर्कता की गंभीरता को नजरअंदाज किए जाने से होने वाली मानवीय चूक का ही नतीजा है कि विमान हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है। असम के जोरहाट में शनिवार को एएन-32 परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें वायुसेना के पांच कर्मियों की जान चली गई। सवाल है कि देश भर में अब तक हुए विमान हादसों से सबक क्यों नहीं लिया जाता है? कोई एक ही तरह की खामी बार-बार हादसे का कारण कैसे बन रही है? क्या दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को आर्थिक मदद मुहैया करा देने भर से विमानन कंपनियों और संबंधित नियामक प्राधिकरणों की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है? भविष्य में इस तरह के हादसों पर रोक लगाने और विमान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दायित्व आखिर किसका है? इसमें दोराय नहीं कि हाल के वर्षों में हवाई यात्रा की सुविधा को विस्तार देने के लिए उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। मगर इसी अनुपात में पायलटों और अन्य प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती नहीं हो पाई है। इस कारण मौजूदा संचालन तंत्र पर दबाव बढ़ा है, जिससे मानवीय चूक की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के अनुसार, लगभग पैंसठ फीसद विमान दुर्घटनाओं के पीछे मानवीय चूक एक प्रमुख कारक होती है। विमान के उड़ान भरने और जमीन पर उतरते समय जब स्थिति बिगड़ती है, तो काकपिट में होने वाला भ्रम भी हादसों का कारण बनता है। खबरों के मुताबिक, एएन-32 परिवहन विमान के साथ भी यही हुआ, हवाईअड्डे पर उतरते समय विमान का नियंत्रण बिगड़ गया और वह रनवे से फिसल कर दो हिस्सों में टूट गया, जिससे उसमें आग लग गई। इसके अलावा हिमालयी क्षेत्रों में मौसम और भौगोलिक बनावट भी उड़ान संचालन के लिए बेहद जोखिम भरी होती है। कई बार मौसम पूर्वानुमान की सटीक जानकारी न होने से विमान हादसे का शिकार हो जाता है। यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि क्या किसी विमान दुर्घटना के कारणों का गहराई से विश्लेषण कर संचालन व्यवस्था में सुरक्षात्मक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाता है? हालांकि, हादसों की जांच और विश्लेषण की प्रक्रिया में समूचे तंत्र की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कई विमान दुर्घटनाओं की जांच रिपोर्ट तो सार्वजनिक ही नहीं की जाती है। अगर हादसा बड़ा हो, तो उसकी जांच पूरी होने में लंबा वक्त लग जाता है और फिर उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। पिछले साल अहमदाबाद में हुआ एअर इंडिया का विमान हादसा इसका उदाहरण है, जिसकी अंतिम जांच रिपोर्ट एक साल बाद भी सामने नहीं आई है।

# विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव, निवेश बढ़ाने की तैयारी में सरकार

## वित्त मंत्री ने विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए और कदम उठाने के दिए संकेत



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ रहा है। ऐसे में सरकार विदेशी निवेश और विदेशी मुद्रा प्रवाह को बनाए रखने के लिए कई कदम उठा रही है। इसकी वित्त मंत्री ने जानकारी दी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संकेत दिया कि विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्र सरकार द्वारा हाल में उठाए गए कदम सिर्फ शुरूआत हैं और आने वाले समय में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए और भी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक हालात के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था पर कच्चे माल, कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार को पहले से तैयार रहना होगा।

**रिजर्व बैंक के कदमों से बैंकों को मिलेगा फायदा :** रिजर्व बैंक ने 5 जून को बैंकों को 3 से 5 वर्ष की अवधि वाले फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमा पर करेंसी स्वैप सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी। यह सुविधा 30 सितंबर तक उपलब्ध रहेगी। इससे बैंक अमेरिकी डॉलर में प्राप्त जमाओं को आरबीआई के साथ स्वैप कर सकेंगे और मुद्रा जोखिम का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे। इसके अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को विदेशी वाणिज्यिक उधारी जुटाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आरबीआई ने विशेष विदेशी मुद्रा स्वैप सुविधा भी शुरू की है।

### बॉन्ड मार्केट बनेगा विदेशी निवेश का बड़ा केंद्र

माइंडमाइन समिट 2026 को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक के विश्लेषण से यह सामने आया है कि भारतीय बॉन्ड बाजार विदेशी पूंजी को आकर्षित करने का एक मजबूत माध्यम बन सकता है। इसी दिशा में सरकार ने 5 जून को फुली एक्सेसिबल रूट (ऋअफ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार किया, जिससे सरकारी बॉन्ड में भी विदेशी निवेशकों की भागीदारी आसान हो सके। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से होने वाले ब्याज और पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट भी दी गई है। सीतारमण ने कहा, 'ये कदम विदेशी पूंजी को वापस आकर्षित करने की दिशा में पहला चरण हैं। फिलहाल ध्यान बॉन्ड बाजार पर है, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती।'

# सोने का भाव 1.53 लाख के पार चांदी की कीमतों में भी उछाल



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में करीब 107 दिनों के बाद शांति बहाली के संकेत हैं। अमेरिका और ईरान के बीच जंग रोकने पर सहमति बन गई है। सभी पक्षों के बीच बनी सहमति और शांति समझौते पर शुक्रवार को स्विटजरलैंड में हस्ताक्षर होंगे। इस सकारात्मक संकेत के बाद आज सोने के भाव में तेजी देखी गई। बुलियन की दरों के मुताबिक वर्तमान कीमत 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम के पार है। दूसरी तरफ चांदी की कीमतों में भी उछाल देखा गया है।

चांदी के दाम प्रति किलो 4900 रुपये से अधिक बढ़े हैं। कीमतों में तेजी के बाद चांदी का भाव 2.52 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में सुबह के कारोबार में 2% से अधिक की तेजी दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेतों के बीच निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ा, जिससे गोल्ड की मांग में उछाल देखने को मिला। सोमवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमतों में 6,066 रुपये की तेजी दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जुलाई डिलीवरी के लिए सफेद धातु 6,066 रुपये या 2.46 फीसदी बढ़कर 2,52,252 रुपये प्रति किलोग्राम हुई। पिछले सप्ताह चांदी 2,351 रुपये या करीब 1 फीसदी गिरकर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में जुलाई अनुबंध के लिए कॉमेक्स चांदी वायदा 2.39 डॉलर या 3.53 फीसदी बढ़कर 70.37 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# ईरान-अमेरिका संघर्ष विराम से बाजार में जबरदस्त उछाल

## सेंसेक्स 736 अंक और निफ्टी 231 अंक चढ़कर मजबूत बढ़त के साथ बंद




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स में 736 और निफ्टी में 231 अंक की उछाल दर्ज की गई। आज पूरे दिन के कारोबार के बाद अमेरिकी डॉलर (वरऊ) के मुकाबले रुपया 47 पैसे मजबूत हुआ।

इससे पहले आज बाजार खुलते समय भी 1000 अंकों की बढ़त देखी गई थी। शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 53 पैसे मजबूत हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच 107 दिनों से जारी जंग थमने की घोषणा के बाद भारत के अलावा एशिया के अन्य बाजारों में भी तेजी दिखी। जापान के निक्केई में 4 फीसदी से अधिक तेजी दिखी। भारतीय शेयर बाजार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का निफ्टी 1080 अंकों की उछाल के साथ खुला।


नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 330 अंकों की तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में जिन कंपनियों के शेयर में अधिक तेजी दिखी उनमें इंडिगो, इटरनल, बाजाज फाइनांस और एशियन पेंट्स प्रमुख रहे।

# भारत-यूके के व्यापार मंत्रियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा, एफटीए के बाद अहम बैठक



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के व्यापार मंत्रियों ने नवाचार, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, स्टार्टअप तथा उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने पर द्विपक्षीय बैठक की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने ब्रिटेन के व्यापार राज्य सचिव पीटर काइल के साथ एक वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। यह बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्षों ने एक मुक्त व्यापार समझौता किया है। हालांकि, ब्रिटिश स्टील सुरक्षा उपायों जैसे कुछ मुद्दों ने समझौते के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा की हैं। गोयल इस महीने के अंत में लंदन का दौरा करने वाले हैं। पीटर काइल और गोयल ने 2 जून को इन मुद्दों पर बैठक की थी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे।

# रोचक तथ्यों का करंट



- सुनील दत्त सुवे नायक से कहीं ज्यादा थे, वह काफी बड़े बॉलीवुड खलनायक थे! इस अभिनेता ने अपने करियर में 20 फिल्मों में एक डाकू की भूमिका निभाई थी।
- ऋतिक रोशन फिल्म स्वदेस में मोहन की भूमिका के लिए पहले अभिनेता थे। लेकिन उनके इसे अस्वीकार करने के बाद, शाहरुख ने इसे उठा लिया और इसे प्रतीक बना दिया।
- राज कपूर अंधविश्वासपूर्ण थे और फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' (1978) की रिलीज से पहले मांसाहारी भोजन खाने के साथ-साथ पीने से भी परहेज कर लिया था।
- राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' पहली हिंदी फिल्म थी जिसमें एक नहीं बल्कि दो अंतराल थे!
- आपको जानकर हैरानी होगी की, श्रीदेवी केवल 13 वर्ष की उम्र में थीं जब उन्होंने रजनीकांत की सौतेली माँ का किरदार फिल्म 'मोंड्रू मुडिचु' नामक एक तमिल फिल्म में निभाया था।
- लता मंगेशकर का गीत 'ऐ मलिक तेरे बंदे हम' फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' (1957) जो वसंत देसाई की मूल रचना थी, को एक पाक स्कूल द्वारा स्कूल गान के रूप में स्वीकृत किया गया था।

# यूएस-ईरान शांति समझौते के ऐलान के बाद झूमे एशियाई बाजार



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते का एलान करने के बाद ही एशियाई बाजार झूम उठे। जापान का निक्केई सूचकांक 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इंट्राडे रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। शांति समझौते के एलान और होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने की खबर से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शेयरों में उछाल आया। दक्षिण कोरिया के कोस्पी सूचकांक में भी 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऑस्ट्रेलियाई शेयर बाजार में भी खुलने के साथ ही तेजी दर्ज की गई। एएसएक्स200 125 अंकों के साथ बढ़कर 8928 पर कारोबार कर रहा था। सूचकांक के 11 में से सात क्षेत्रों में तेजी देखी गई। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कच्चा तेल के वायदा भाव में 4.77 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 80.83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर किया शांति समझौते का ऐलान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर शांति समझौते का एलान करते हुए लिखा कि 'ईरान के साथ समझौता पूरा हो गया है। सभी को बधाई। मैं होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के खोलने की अनुमति देता हूं और साथ ही अमेरिका द्वारा लगाए गए नौसैनिक अवरोध को भी तुरंत हटाने की अनुमति देता हूं। विश्व के जहाजों, अपने इंजन चालू करो। तेल को बहने दो।'

### ईरान ने भी की समझौते की पुष्टि

ईरान के कानून और उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी शांति समझौते की पुष्टि की। दोनों देशों के बीच 19 जून को जिनेवा में शांति समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह शांति समझौता सिर्फ कूटनीति का परिणाम नहीं है बल्कि ईरान की सैन्य उपलब्धियों का भी कर्जदार है। इस शांति समझौते का साथ ही पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भी अंत हो जाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आपूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# मई में भारत के निर्यात का नया रिकॉर्ड: 4.3 लाख करोड़ के पार पहुंचा आंकड़ा, सोना और पेट्रोलियम ने बढ़ाई चमक



**नई दिल्ली।** भारत के व्यापारिक निर्यात ने मई में 18% की छलांग लगाकर 45.2 अरब डॉलर का मजबूत आंकड़ा छुआ है, जिसमें पेट्रोलियम उत्पादों की 54.89% की रिकॉर्ड वृद्धि का सबसे बड़ा हाथ रहा। हालांकि, सोने के आयात में 60% के भारी उछाल के कारण आयात भी 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे इस महीने देश का व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

भारत का व्यापार जगत इस समय तेजी से आगे बढ़ रहा है। मई के महीने में देश के व्यापार में बड़ी बढ़त देखी गई है। सरकार ने इसके नए आंकड़े जारी कर दिए हैं। आंकड़ों के मुताबिक मई में भारत का सामान का निर्यात 18 फीसदी बढ़ गया है। अब यह बढ़कर 45.2 अरब डॉलर यानी 4,30,197.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

दुनिया भर में भारतीय सामान की मांग बढ़ रही है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने इस पर खुशी जताई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह पूरा साल निर्यात के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

**पेट्रोलियम ने मचाया धमाल :** इस बार पेट्रोलियम सेक्टर ने बहुत शानदार काम किया है। मई 2026 में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात बहुत ज्यादा बढ़ा है। इसमें 54.89 फीसदी की भारी तेजी आई है। इसके साथ ही यह निर्यात 8.42 अरब डॉलर (80,138.62 करोड़ रुपये) का हो गया है। इसने देश के कुल निर्यात को बढ़ाने में बड़ी मदद की है।

### आयात और व्यापार घाटे का हाल

निर्यात के साथ-साथ देश का आयात भी बढ़ा है। मई में भारत का आयात 20.62 फीसदी बढ़ गया है। भारत ने कुल 73.41 अरब डॉलर (करीब 6,98,690.74 करोड़ रुपये) का सामान बाहर से मंगाया है। आयात ज्यादा होने से देश का व्यापार घाटा भी बढ़ गया है। मई में यह घाटा 28.21 अरब डॉलर (2,68,492.93 करोड़ रुपये) रहा है। इस आयात को बढ़ाने में सोने की बड़ी भूमिका रही है। लोग जमकर सोना खरीद रहे हैं। अप्रैल और मई के महीने में सोने का आयात 60 फीसदी बढ़ गया है।

# राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# चुटकुले

पत्नी : सुनो, मैं दो मिनट में तैयार हो जाऊंगी।
पति : ठीक है, मैं तब तक 2027 का कैलेंडर देख लेता हूं।

---

टीचर : बताओ, सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है?
छात्र : जब मोबाइल 1% पर हो और अचानक चार्जर मिल जाए।

---

डॉक्टर : आपको आराम की जरूरत है, ये नींद की गोली ले लीजिए।
मरीज : लेकिन डॉक्टर साहब, सुबह मुझे उठाएगा कौन?

---

पत्नी : अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति : वही जो तुम करती... फिर पति ने तीन दिन खाना नहीं खाया।

---

दोस्त : भाई, तू इतना परेशान क्यों है?
दूसरा : घर वालों ने कहा है कि अब कमाओ, वरना शादी करा देंगे।

---

टीचर : इतना लेट क्यों आए?
छात्र : सर, एक आदमी का 1000 रुपये का नोट खो गया था।
टीचर : तो तुम मदद कर रहे थे?
छात्र : नहीं सर, मैं नोट पर खड़ा था।

---

पत्नी : मेरी कौन-सी आदत सबसे अच्छी लगती है?
पति : नाराज मत होना... चुप रहने वाली।

---

बेटा : पापा, सफलता क्या होती है?
पापा : बेटा, अगर शादी के बाद भी अपनी मर्जी से टीवी देख लो, वही सफलता है।

# 16 06 2026 करंट क्राइम


**सेलेब्रिटी जन्मदिन**

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


अंजलि (अभिनेत्री)



जीविका मुद्गल


संगीता रानी


संयम गर्ग


जसमीत सिंह


मनीष भारद्वाज


मनोज पंडित


राजेश शर्मा


निकुंज त्यागी


पंकज शर्मा


मोहित


रमाकांत शर्मा


लक्ष्मण शर्मा


मनोज शर्मा


विकास कुमार



शिवम सिंह


निशांत शुक्ला


शुभम सिंह


महेश कश्यप


धीरेन्द्र कम्बोज


प्रिंस राठौड़


मुकेश गुप्ता


विक्की

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दोहा डायमंड लीग के जरिये प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे नीरज चोपड़ा, जानें किस दिन होगा मुकाबला




**नई दिल्ली।** ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग के जरिये प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे। डायमंड लीग का दोहा चरण 19 जून को आयोजित होगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 चैंपियन और पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता नीरज ने 2025 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक आठवें स्थान पर रहने के बाद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है।

### स्विटजरलैंड में अभ्यास शिविर में हिस्सा ले रहे हैं नीरज

दोहा डायमंड लीग में भालाफेंक की प्रविष्टियों में नीरज का नाम शामिल है। उन्होंने पिछले साल इसी टूनार्मेंट में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। हरियाणा के 28 वर्ष के नीरज इस समय स्विटजरलैंड के बियेने में अपने फिजियो ईशान मारवाहा और कोच जय चौधरी के साथ 47 दिन के ऑफ सीजन अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रविवार को घोषित भारतीय एथलेटिक्स टीम में भी नीरज का नाम सशर्त शामिल किया गया है। उन्हें इसके लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का 82.61 मीटर का क्वालिफिकेशन मार्क हासिल करना होगा।

### अरशद नदीम का नाम शामिल नहीं

अगर नीरज ग्लास्गो में अगले महीने होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेते हैं तो भारत के तीन भाला फेंक खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। रोहित यादव और यशवीर भारतीय एथलेटिक्स सीरिज 9 के जरिये क्वालिफाई कर चुके हैं। दोहा डायमंड लीग में मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट और हाल ही में रोम डायमंड लीग में 92.62 मीटर का थ्रो फेंकने वाले श्रीलंका के रूमेश तरंगा पथिरागे भाग लेंगे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम का नाम सूची में नहीं है। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (सत्र का सर्वश्रेष्ठ 86.08 मीटर) अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन (85.33 मीटर), चेक गणराज्य के याकूब वालेश (85.24 मीटर) के नाम प्रतियोगियों की सूची में है। नीरज ने दोहा में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका था, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने छठे और आखिरी थ्रो में 91.06 मीटर फेंककर खिताब जीता था।

# जापान के फैंस ने पेश की मिसाल: स्टेडियम में चलाया सफाई अभियान, जश्न के बीच यातायात नहीं होने दिया प्रभावित




**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में जापान और नीदरलैंड्स के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। भले ही नतीजा जापान के पक्ष में नहीं आया, लेकिन टीम के लिए यह किसी जीत से कम नहीं था। जापान के मुकाबले नीदरलैंड्स की टीम काफी मजबूत है, इसके बावजूद जापान ने ड्रॉ खेला। मैच के बाद जापान के प्रशंसकों ने स्वच्छता के प्रति जो जागरूकता दिखाई इससे इन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया।

### फीफा ने शेयर किया वीडियो

दरअसल, जापान और नीदरलैंड्स का मैच खत्म होने के बाद जापान के फैंस स्टेडियम की सफाई करते हुए नजर आए। उन्होंने इधर-उधर पड़े कूड़े को उठाया और सीटों के आसपास पड़ी गंदगी को भी साफ करते हुए दिखाई दिए। फीफा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जापानी फैंस का यह दिल जीत लेने वाला वीडियो शेयर किया। वीडियो में टीम की एक फैन ने बताया कि वह खिलाड़ियों और स्टेडियम का सम्मान करते हैं और यहां पर आकर गर्व महसूस कर रहे हैं और इसी कारण से वह यहां की सफाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह स्टेडियम को गंदा छोड़कर नहीं जाना चाहते हैं। इस बर्ताव के चलते जापानी टीम के फैंस की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है।

जापान ने इस मैच में जिस तरह नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीम को ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया उससे टोक्यो में भी जमकर जश्न मना। टोक्यो के प्रसिद्ध शिबुया क्रॉसिंग पर कई प्रशंसक जापान का झंडा लेकर एकत्र हुए। दिलचस्प बात यह है कि जश्न के बीच भी इन प्रशंसकों ने यातायात को प्रभावित होने नहीं दिया। जब ट्रैफिक लाइट लाल हो रही थी तब फैंस क्रॉसिंग पर खड़े होकर जश्न मना रहे थे और लाइट ग्रीन होते ही ये फैंस क्रॉसिंग से हट जा रहे थे जिससे यातायात सुचारु रूप से चलता रहा।

जापान ने नीदरलैंड्स को मुकाबले में कड़ी टक्कर दी। पहले हाफ में नीदरलैंड्स ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन जापान के डिफेंस ने उन्हें अपने इरादों में कामयाब नहीं होने दिया। नतीजा यह रहा कि पहले हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपने अटैक और भी तेज कर दिए। मैच के 50वें मिनट में नीदरलैंड्स को पहली सफलता मिली। रयान ग्रावेनबेर्ख की फ्री किक को कप्तान वर्जिल वैन डाइक गोल में तब्दील करने में सफल रहे।

हालांकि, जापान ने चंद मिनटों बाद ही शानदार वापसी की और 57वें मिनट में स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। नाकामुरा ने जापान के लिए मैच का पहला गोल दागा। इसके बाद नीदरलैंड्स ने 64वें मिनट में दूसरा गोल करते हुए फिर से बढ़त हासिल कर ली। समरविल ने बेहतरीन कर्लिंग शॉट मारते हुए नीदरलैंड्स को मैच में 2-1 से आगे कर दिया। नीदरलैंड्स की मुकाबले में जीत लगभग पक्की लग रही थी, लेकिन मैच के 88वें मिनट में मिले कॉर्नर का दाइजी कामदा ने भरपूर फायदा उठाते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

# ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम के लिए मुक्केबाजी टीम घोषित, लवलीना बोरगोहेन भी लेंगी हिस्सा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल भारतीय मुक्केबाज बुधवार से चेक गणराज्य में शुरू हो रही आमंत्रण ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम में हिस्सा लेंगे। लवलीना (75 किग्रा) के अलावा एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और परवीन हुड्डा (65 किग्रा) महिला टीम की सदस्य हैं।

दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगी क्योंकि वे चोट से उबर रही हैं। पुरुष टीम में जादुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिव सिचाव (60 किग्रा), आदित्य प्रताप (65 किग्रा), सुमित (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) को जगह मिली है।

इस टूनार्मेंट से खिलाड़ियों को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने, अलग-अलग संयोजन को आजमाने और यूरोप के प्रतिस्पर्धी माहौल में मजबूत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सामना करने का अनुभव मिलेगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूनार्मेंट में से एक है और यह हमारे खिलाड़ियों को दुनिया भर के मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करने का बेहतरीन मंच देता है। इस टीम में हमारे कई बेहतरीन मुक्केबाज शामिल हैं। ऐसे मौके बहुत जरूरी हैं क्योंकि इनसे उन्हें अनुभव मिलता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अलग-अलग प्रतिस्पर्धी माहौल में खुद को परख पाते हैं।

### टीम इस प्रकार है :

**महिला:** साक्षी (51 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), परवीन (65 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

**पुरुष:** जादुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), आदित्य प्रताप (65 किग्रा), सुमित (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक)।

# हॉकी में नया कीर्तिमान: मनप्रीत सिंह की बड़ी उपलब्धि

# 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर दिलीप टिर्की की बराबरी की



**- मनप्रीत सिंह ने ओलंपिक, हॉकी विश्व कप, एशियाई खेल और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे कई बड़े टूनार्मेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने भारतीय हॉकी के इतिहास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 33 वर्षीय मनप्रीत ने शनिवार को रॉटरडैम में नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में उतरते ही भारत के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 अंतरराष्ट्रीय मैचों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मनप्रीत सिंह अब 400 से अधिक सीनियर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हैं और वर्तमान में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले एकमात्र सक्रिय भारतीय खिलाड़ी हैं।

### दिलीप टिर्की ने दी बधाई

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने मनप्रीत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके वर्षों के समर्पण, प्रतिबद्धता और निरंतर प्रदर्शन का प्रमाण है। टिर्की ने कहा, 'मैं मनप्रीत को इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचने पर बधाई देता हूं। यह एक शानदार उपलब्धि है, जो उनके समर्पण और निरंतरता को दशार्ती है। मैं उनके आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह भारतीय हॉकी में इसी तरह योगदान देते रहेंगे।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी मनप्रीत के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय टीम के साथ उनका सफर खेल के प्रति उनके असाधारण समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने कहा, '412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह इस बात का प्रमाण है कि मनप्रीत ने वर्षों तक देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।' उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक मंच पर भारतीय हॉकी की वापसी में मनप्रीत की भूमिका बेहद अहम रही है। एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में उनका नेतृत्व और दबाव की परिस्थितियों में प्रदर्शन करने की क्षमता युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

मनप्रीत सिंह पिछले एक दशक से भारतीय पुरुष हॉकी टीम की सफलता के प्रमुख चेहरों में शामिल रहे हैं। उन्होंने ओलंपिक, हॉकी विश्व कप, एशियाई खेल और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे कई बड़े टूनार्मेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी महत्वपूर्ण सदस्य रहे थे। उनके अनुभव, नेतृत्व और निरंतर प्रदर्शन ने भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अब मनप्रीत के पास अगले मुकाबले में मैदान पर उतरते ही दिलीप टिर्की का रिकॉर्ड पीछे छोड़कर भारत के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बनने का अवसर होगा।

# दीपिका के दम पर भारत की शानदार वापसी




**नई दिल्ली।** दीपिका के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां एफआईएच नेशंस कप के पूल ए के अपने पहले मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका पर 3-2 से जीत हासिल की। भारत की तरफ से दीपिका के दो गोल के अलावा नवनीत कौर ने भी एक गोल किया। अमेरिका की ओर से एशले सेसा और मैडलीन ज़िमर ने गोल किए। नेशंस कप की विजेता टीम अगले सत्र में प्रो लीग में खेलेगी।

भारत पिछले सत्र में इससे बाहर हो गया था। अमेरिका ने शानदार शुरूआत की और एशले ने चौथे मिनट में ही मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके महज तीन मिनट बाद अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब मैडलीन जिमर (सातवें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरूआती दबाव बना दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया और धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बना दी। भारत को आक्रामक अंदाज में खेलने का फायदा दूसरे क्वार्टर के शुरू में मिला जब ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका (17वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर को कम किया। भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और उसने दूसरे क्वार्टर में फिर से एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया।

दीपिका (24वें) एक बार फिर आगे बढ़ीं और उन्होंने फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और हाफ टाइम से पहले एक और गोल करके मैच का रुख पूरी तरह से पलट दिया। नवनीत (28वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई।

इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 3-2 से आगे था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के अच्छे प्रयास किये। मैच में दोनों टीमों ने छह-छह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन आखिरी दो क्वार्टर में गोल करने में नाकाम रही। इस तरह से भारत ने अंत तक अपनी बढ़त कायम रखते हुए तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। इस जीत से भारत तीन अंकों के साथ पूल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शीर्ष पर काबिज जापान के भी तीन अंक हैं लेकिन उसका गोल अंतर भारत से बेहतर है।

# धीरज बोम्मादेवरा ने रचा इतिहास, एक ही दिन में जीते दो गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा ने आर्चरी वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। धीरज ने पहले कुमकुम मोहोड़ के साथ रिकर्व मिक्स्ड टीम स्पर्धा का गोल्ड मेडल जीता और इसके कुछ घंटों बाद पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में भी स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज भारतीय सेना के तीरंदाज धीरज ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के स्टार तीरंदाज और पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली वू सियोक को 7-3 से हराकर अपने करियर का पहला व्यक्तिगत आर्चरी वर्ल्ड कप स्वर्ण पदक जीता।

### फाइनल में दिखाया दमदार प्रदर्शन

धीरज ने मुकाबले की शुरूआत शानदार अंदाज में की और पहले दो सेट 30-29 तथा 29-28 से जीतकर 5-1 की बढ़त बना ली। तीसरा सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथे सेट में ली वू सियोक ने वापसी की कोशिश की और 29-27 से जीत दर्ज कर स्कोर 5-3 कर दिया। हालांकि, धीरज ने दबाव में भी अपना संयम नहीं खोया। निर्णायक सेट में उन्होंने लगातार तीन परफेक्ट 10 लगाए, जिसमें एक एक्स भी शामिल था, और मुकाबला 7-3 से अपने नाम कर लिया।

### सेमीफाइनल में की शानदार वापसी

फाइनल में पहुंचने से पहले धीरज ने सेमीफाइनल में जर्मनी के मोरित्ज वीजर को 6-4 से हराया। मुकाबले की शुरूआत उनके लिए अच्छी नहीं रही और पहला सेट 26-27 से गंवा बैठे। अगले दो सेट 28-28 से बराबर रहे, जिससे धीरज 2-4 से पीछे हो गए। एलिमिनेशन के कगार पर खड़े धीरज ने शानदार वापसी करते हुए चौथा सेट 30-27 से जीता। निर्णायक सेट में जर्मन तीरंदाज की एक गलती का फायदा उठाते हुए धीरज ने 9, 10 और 9 के स्कोर के साथ सेट 28-23 से जीत लिया और अपने पहले वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाई।

### भारतीय आर्चरी के लिए ऐतिहासिक दिन

धीरज बोम्मादेवरा के लिए यह दिन उनके करियर का सबसे यादगार दिन साबित हुआ। व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने भारतीय आर्चरी को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाई दी है। एक ही दिन में दो गोल्ड मेडल जीतने की यह उपलब्धि भारतीय तीरंदाजी के लिए भी बेहद खास मानी जा रही है।

# जीत के करीब पहुंचकर डच टीम को हाथ लगी निराशा

# आखिरी समय में जापान के कामदा ने बचाया ड्रॉ



**नीदरलैंड।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-एफ के मुकाबले में नीदरलैंड और जापान के बीच खेला गया रोमांचक मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। डलास स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में डच टीम दो बार बढ़त बनाने में सफल रही, लेकिन जापान ने हर बार वापसी करते हुए एक अंक हासिल कर लिया। मैच का निर्णायक मोड़ 88वें मिनट में आया, जब दाइची कामदा ने गोल कर जापान को बराबरी दिला दी।

मुकाबले की शुरूआत से ही नीदरलैंड ने गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बनाए रखा। डोनियल मालेन को गोल करने के दो अच्छे मौके मिले, लेकिन जापान के गोलकीपर जियोन सुजुकी ने शानदार बचाव करते हुए टीम को बढ़त नहीं लेने दी। दूसरी ओर जापान ने संयमित रक्षात्मक रणनीति अपनाई और जवाबी हमलों के जरिए मौके बनाने की कोशिश की। हालांकि, पहले 45 मिनट में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं और हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ की शुरूआत के पांच मिनट बाद ही नीदरलैंड को सफलता मिल गई। 50वें मिनट में रयान ग्रावेनबेर्ख की फ्री-किक पर कप्तान वर्जिल वैन डाइक ने शानदार हेडर लगाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, जापान ने ज्यादा देर इंतजार नहीं किया। 57वें मिनट में ताकेफुसा कुबो ने बॉक्स के अंदर बेहतरीन मूव बनाया और गेंद केइतो नाकामुरा को थमाई। नाकामुरा ने मौके का फायदा उठाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया।

जापान के बराबरी करने के सात मिनट बाद ही नीदरलैंड ने फिर बढ़त हासिल कर ली। 64वें मिनट में रयान ग्रावेनबेर्ख ने अपना दूसरा असिस्ट दर्ज कराया। उनके पास पर क्रिसेंसियो समरविल ने बॉक्स के बाहर से शानदार कर्लिंग शॉट लगाया, जो सीधे गोलपोस्ट में जा समाया। इस गोल के साथ नीदरलैंड 2-1 से आगे हो गया।

मैच समाप्ति की ओर बढ़ रहा था और डच टीम जीत के करीब नजर आ रही थी। लेकिन 88वें मिनट में जापान को कॉर्नर मिला। कॉर्नर पर कोकी ओगावा के प्रयास के बाद गेंद दाइची कामदा तक पहुंची और उनका शॉट डिफ्लेक्शन लेकर गोल में चला गया। इस गोल ने जापान को दूसरी बार बराबरी दिला दी। इंजरी टाइम में दोनों टीमों ने जीत का गोल करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी टीम सफलता हासिल नहीं कर सकी और मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

# आईपीएल में तूफान मचाने के बाद कमजोर पड़ गए वैभव सूर्यवंशी, क्या रास नहीं आ रही 50 ओवरों की क्रिकेट?



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से धमाल मचाया। वह आईपीएल-2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे और इसी कारण भारत की टी20 टीम में उन्हें जगह मिली। लेकिन 15 साल के इस युवा बल्लेबाज के लिए टी20 से वनडे फॉर्मेट में शिफ्ट करना मुश्किल दिख रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि श्रीलंका दौरे पर इंडिया-ए टीम के साथ गए वैभव 50 ओवरों के प्रारूप में वो कमाल नहीं दिखा पाए जिसकी उम्मीद उनसे की जा रही थी। तीसरे वनडे में भी वैभव का बल्ला नहीं चला और वह फेल हो गए। वैभव ने इंडिया-ए के साथ श्रीलंका दौरे पर तीन मैच खेले हैं और तीनों में ही वह फेल रहे हैं। श्रीलंका-ए के खिलाफ उन्होंने पहले मैच में 14 रन बनाए। अफगानिस्तान-ए के खिलाफ उन्होंने अपने तूफानी अंदाज की झलक दिखाई और 44 रन ठोके, लेकिन इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। सोमवार को श्रीलंका-ए के खिलाफ वह 14 गेंदों पर 21 रन ही बना पाए।

# शेफाली वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ छोटी पारी में किया ऐतिहासिक धमाका, कोई और नहीं कर पाया ये काम



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को पाकिस्तान को मात देकर आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का विजयी आगाज किया है। इस मैच में शेफाली वर्मा से तूफानी पारी की उम्मीद थी जो वह खेल नहीं सकीं, लेकिन फिर भी ऐसा काम कर गईं जो अभी तक कोई और बल्लेबाज नहीं कर पाई।

शेफाली ने इस मैच में पांच गेंदें खेलीं और एक छक्के की मदद से छह रन बनाकर आउट हो गईं। उनका विकेट पहले ही ओवर में सादिया इकबाल ने लिया। इस बेहद छोटी पारी में भी शेफाली ने कुछ ऐसा कर दिया की उनका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया।

### किया गजब कारनामा

शेफाली ने मैच की पहली ही गेंद पर सामने की तरफ छक्का मारा और इसी के साथ वह रिकॉर्ड बुक में अनोखा काम करने के कारण दर्ज हो गईं। शेफली पहली ऐसी बल्लेबाज हैं जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप की पहली ही गेंद पर छक्का मारा है। अभी तक कोई और बल्लेबाज महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऐसा काम नहीं कर सकी।

शेफाली से उम्मीद थी कि वह तूफानी पारी खेलेंगी, लेकिन सादिया के ओवर की पांचवीं गेंद पर वह विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों लपकी गईं। यहीं उनकी पारी का अंत हो गया।

### भारत ने हासिल की जीत

हालांकि, शेफाली के बाद उनकी जोड़ीदार स्मृति मंधाना ने शानदार पारी खेली और 44 गेंदों पर 68 रन बनाए। उनकी पारी में नौ चौके और दो छक्के शामिल रहे। मंधाना के बाद आखिरी ओवरों में ऋचा घोष ने 17 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाए जिससे टीम छह विकेट खोकर 170 रन बना सकी। पाकिस्तानी टीम इस स्कोर के सामने 17 ओवरों में 106 रनों पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर पाकिस्तानी टीम की कमर तोड़ दी।

16 June -26 page 6 15-06-2026 10:52 PM Page 1






# बड़ौत दोहरे हत्याकांड के बाद गाजियाबाद से नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बड़ौत (9 जून) को दो निर्यातक व्यापारियों की हत्या के बाद गुस्सा और चिंता का माहौल है। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए गाजियाबाद से कई नेता और समाजसेवी बड़ी संख्या में बड़ौत पहुंचे।

इस प्रतिनिधिमंडल में सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, वैश्य नेता वी.के. अग्रवाल, पार्षद राजीव शर्मा, समाजसेवी रामावतार जिंदल, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीष, और प्रशांत सरैंया समेत करीब 50 लोग शामिल थे। ये सभी लगभग एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ स्वर्गीय सोहनलाल अग्रवाल के घर पहुंचे। वहाँ नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिया कि उन्हें पूरी सुरक्षा मिलेगी और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात था।

सांसद अतुल गर्ग ने पुलिस अधिकारियों से बात कर कहा कि अपराधियों को जल्द पकड़ा जाए और परिवार व इलाके के लोगों को सुरक्षा दी जाए। वैश्य नेता वी.के. अग्रवाल ने कहा कि पुलिस को अब तक आरोपियों को पकड़ लेना चाहिए था। उन्होंने यह भी मांग की कि कड़ी कार्रवाई हो और परिवार को न्याय मिले।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना को जाति से नहीं जोड़ना चाहिए, क्योंकि अपराध का कोई धर्म या जाति नहीं होती– यह केवल अपराध है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। परिवार की 13वीं (श्रद्धांजलि कार्यक्रम) 13 दिन बाद तय की गई है। नेताओं ने पुलिस से कहा है कि उससे पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए ताकि लोगों में सुरक्षा का भरोसा बना रहे। लोनी और खेकड़ा से भी कई लोग इस दोहरे हत्याकांड के विरोध में पहुंचे और न्याय की मांग की।




## महावत बोला या तो शासन अच्छा या फिर हमारा निष्कासन अच्छा

चुनावी बेला में खेला ही ऐलीफेंट वालों के यहां हो रहा है। फूल वाले हैंडपम्प वालों से लेकर झाड़ू वालों को भी अपना देवतुल्य बना रहे हैं। ऐसे में जीरो पर बैठा हाथी खुद को हीरो से कम नहीं मान रहा। हाथी के नखरे ही कम नहीं हो रहे। वहां तो उम्मीदवार से लेकर पदाधिकारी को ये पता नहीं होता कि कब उसके लात लग जायेगी। अब महावत भी इस बात से हैबीच्यूअल हो गये हैं। वो प्रैक्टीकली चलरहे हैं और म्यूचअल हो गये हैं। दल से निष्कासित चल रहे महावत ने कहा कि अजी निष्कासन भला किस बात की सजा। हम तो इसका पूरा मजा ले रहे हैं। कम से कम हाथी की बेगार तो नहीं करनी पड़ रही। अच्छा हुआ हमें निकाल दिया वरना हम जिला पंचायत के महावत कहां तलाशते फिरते। हमें उन्होंने बाहर किया और मानों हम पर बहार आ गई है।

## क्या वास्तव में पहुंच गई थी एक्सपायरी डेट की दवाई

किस्से कई बार हिस्सों में बाहर आते हैं। फूल वालों की ये खूबी है कि वो अगर किस्से को तूल देने पर आते हैं तो उसे पूरी तरह रडार पर ले लेते हैं। किस्सा दवाईयों की सप्लाई से जुड़कर बाहर आया है। दवाईयों की सप्लाई सरकारी है और किस्से में किसी भाजपाई का रिश्तेदार भी है। अब लगातार खुलासे पर खुलासे वाली बेला में दवाई वाला खेला भी हो सकता है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस मामले को दबा दिया गया था अब उस मामले को फ्लावर वालों के यहां से ही उखाड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। फ्लावर वालों ने ही बताया कि केवल दवाई का मामला नहीं है। मामला ये है कि उनका ईलाज होना चाहिए जिन्हें लग रहा है कि राज केवल उनका आया है। वो राज की बात बता रहे हैं और बता रहे हैं कि अगर एक्सपायरी डेट की दवाई से कुछ हो जाता तो बदनामी सरकार की होती। वो चाहते हैं कि फाईल रिओपन हो जाये, दूध का दूध और वाटर का वाटर होना चाहिए। किस्सा बहुत तेजी से चल रहा है और सुना है कि एक टीम इसी काम में लग गई है और उसे भी कहीं रिपोर्ट देनी है।

## भाजपाई ने सुनी भाजपाई ने बताई और भाजपाई ने ताली बजाई

सरकार की उपलब्धियां घर घर जाकर बताई जा रही हैं। दुकान दुकान जाकर बताया जा रहा है कि 12 साल में पूरे देश की तकदीर बदल गई है। वैसे बाजार वाले भी हैरान हैं कि वो तो कह रहे थे कि काम बोलता और काम दिखता है। मगर ऐसा लग रहा है कि काम बोल नहीं रहा और दिख भी नहीं रहा। इसलिए द्वार-द्वार जाकर बताना पड़ रहा है कि सरकार ने क्या किया है। तफरी भी फूल वाले ने ली और उन्होंने बताया कि पब्लिक भी हमें ही मान लो, देवतुल्य भी हमें भी मान लो, सरकार भी हमें मान लो, वक्ता भी हम हैं और श्रोता भी हम हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई ने 12 साल के कार्यकाल गिनाये। इधर भाजपाई बता रहे थे और उधर कुर्सियोंपर बैठे भाजपाई सुन रहे थे। फिर कहने और सुनने की बेला में ताली भी भाजपाई बजा रहे थे। सुना है कि इस पूरे सीन को देखकर फ्लावर वाले लीडर का मूड फायर हो गया। फिर केसरिया वीर बाहर निकाले गये और पब्लिक के चार बंदे तलाशे गये। फिर उन्हें ही बिठाकर सरकार की बात अच्छी तरह से समझाई गई।

# अनुज मित्तल ने किया पावन कैंची धाम प्रतिष्ठा दिवस पर भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता अनुज मित्तल ने बाबा नीम करोली महाराज जी के आश्रम पावन कैंची धाम के प्रतिष्ठा दिवस पर भंडारे का आयोजन किया। नेहरू नगर होली चाईल्ड चौराहे पर आयोजित इस भंडोर में समाज और राजनीति तथा व्यापार जगत के गणमान्य लोग पहुंचे। इस अवसर पर अमित गर्ग भी मुख्य रूप से मौजूद थे। सभी ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और भंडारा भी वितरित किया।

# स्व० विमलेश तोमर की पुण्यतिथि पर किया प्रसाद वितरण



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्वर्गीय श्रीमती विमलेश तोमर जी की बीसवीं पुण्यतिथि पर रामलीला ग्राउंड, कविनगर में आयोजित मीठे जल एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को मीठा जल एवं प्रसाद वितरित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने स्व. विमलेश तोमर जी के व्यक्तित्व एवं उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विवेक रामकुमार तोमर एवं समस्त तोमर परिवार ने आगंतुकों का स्वागत कर पुण्यतिथि को सेवा और श्रद्धा के रूप में मनाया।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब तक राम का नाम जपने वाले त्यागी को नहीं मिला था महानगर की टीम में काम? तब तक वो दिखाई देते थे योद्धा के साथ हर पल चाहे सुबह हो या शाम? कहने वाले ने कहा कि जब नहीं आया उनका पद वाली मन पसंद लिस्ट में नाम? सुना है अब वो रखते हैं अपने काम से काम? क्या वास्तव में राम ने बना ली है राम वालों से ही दूरी? समझने वाले नहीं समझ पा रहे इन दूरियों के पीछे की मजबूरी ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के सरदार ठाकुर ने अभी नहीं दिखाई है अपनी ताकत? क्या प्रगति वाली पथ यात्रा के संयोजक वाले पद से उन्हें नहीं है इतनी मोहब्बत? क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले ठाकुर भाटी की दिखाई नहीं दे रही है एक्टिविटी वाली ताकत? कहने वाले ने कहा कि क्या पता वो बना रहे हों प्लान? अभी तो काम आया है उन्हें देने तो दो ध्यान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक पहलवान ने क्यों बना ली मंडल वाले कार्यक्रमों से एक दूरी? कहने वाले ने कहा कि उनका तो पूरा यश है वार्ड में मगर वो क्यों नजर नहीं आते मंडल वाले प्रोग्राम में? कहने वाले ने कहा कि पहलवान के मन में चल रहा है कुछ तूफान? उन्हें कुछ तो बताना चाहिए श्रीमान? ये तो सभी जानते है, ये वो पहलवान नहीं है, जिनका रुक्का चलता है हर जगह श्रीमान ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक महामंत्री क्यों हो जाते हैं एक पदाधिकारी को फोन मिलाने से पहले किसी सोच में लीन? क्या ये कहानी एक के साथ नहीं चल रही बल्कि इस किस्से में आते हैं पूरे तीन? क्यों कहा कहने वाले ने कि वो अपने योद्धा के मूड स्विंग वाले सीन से हैं परेशान? सुना है फोन मिलाने से पहले तीनों ही दस मिनट तक कुछ सोचते हैं श्रीमान? योद्धा के दिमाग में क्या चल रहा है, ये आज तक कहाँ कोई समझ पाया है श्रीमान ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मॉर्डन कॉलेज में जब चल रहा था प्रभारी मंत्री का प्रोग्राम? सुना है यहां माईक हाथ में आते ही अध्यक्ष ने कर दी भगवा भारद्वाज और युवा चौपड़ा की जमकर तारीफ? क्या प्रशिक्षण वर्ग को लेकर इन दोनों समर्पण के कायल दिखे योद्धा? कहने वाले ने कहा कि अध्यक्ष तो हो गये कायल मगर पता तो करो कितने चेहरे इसी बात को लेकर हो गये है घायल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि महिला वाले प्रोग्राम में आ गया है सीनियर और जूनियर वाला पेंच? प्रदर्शनी से पहले ही शुरू हो गई है शब्दों की वर्तनी? क्या ब्राह्मण लेडी नेता ने सह संयोजक वाली जिम्मेदारी से कर दिया इंकार? क्या उन्होंने उठा दिया पद को लेकर सवाल? सुना है वो सीनियर हैं और वो जूनियर के नीचे संयोजक वाले सीन में नहीं है तैयार? कहने वाले ने कहा कि आने वाले समय में वो कर भी सकती हैं इंकार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि केसरिया दल का कौन सा वजीर कर रहा है दूसरों की गाड़ी में जाकर दिल्ली में शाह मुलाकात? कहने वाले ने कहा कि भाजपा के ये मंत्री आखिर करने गये थे कौन सी खास मुलाकात? सुना है पड़ोस वाले जिले से गई थी कार? कहने वाले ने कहा जो भी बातें हुई है वो आज नहीं तो कल आ ही जायेंगी बाहर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सरकार में ही क्यों चल रहे हैं सरकार वाले ही परेशान? आखिर पार्षदों से लेकर विधायकों तक क्यों चल रहा है आरोपों वाला सीन? कहने वाले ने कहा कि आरोप इतने गंभीर नहीं है जितनी ये बात है संगीन? कहने वाले ने कहा कि आरोप लगाने वाले भी भाजपाई हैं और जाल भी भाजपाई ही बिछा रहे हैं? कहने वाले ने कहा कि ये आसार ठीक नजर नहीं आ रहे हैं?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों ने कर ली है क्या लखनऊ में जाकर फिर किसी मुलाकात की तैयारी? सुना है वो स्टेट वालों के पास जाकर रखेंगे मन की बात? क्या किसी जनप्रतिनिधि की कार्यशैली को लेकर उठेगी बात? सुना है प्रभारी मंत्री के सामने रख चुके हैं वो पहले ही उनके व्यवहार की बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब प्रभारी मंत्री के सामने आया उनका नाम तो उन्होंने कहा किसी की मध्यस्था में कराओ समाधान? क्या उन्होंने लिया था भगवा योद्धा का नाम? सुना है वहां बैठे एक बड़े स्टेट स्तरीय नेता के चेहरे पर आ गई थी मुस्कान? उन्होंने धीरे से कहा था प्रभारी जी ऐसा कोई नेता नहीं है जो उन्हें समझा सके श्रीमान? समझ तो आप गये ही होंगे ये है किसका नाम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




## यूनियन वालों के निशाने पर रहे एक एसीपी सहित कई अधिकारी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रविवार को देहात वाले जोन में एक समाज का हत्या के मामले को लेकर जोरदार और विशाल पंचायत हुई थी। अब बताया जा रहा है इस महापंचायत में खास समाज की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, तो खास-खास चेहरे भी थे। तो सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है इसमें पुलिस और प्रशासन के भी कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। इन सबके बीच अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें यूनियन वाले पश्चिम के एक नेता एक एसीपी से हत्याकांड में कितने आरोपी गिरफ्तार हुए यह संख्या पूछ रहे हैं। एसीपी साहब शायद लगा देते हैं, तो उनकी आफत आ जाती है और फिर मामला यहीं नहीं थमता है। एसीपी साहब से गुजारिश कर ली जाती है कि आप इससे पीछे ही हो जाओ, तो प्रशासन वाले एक अधिकारी को स्टैंडअप किया जाता है और उनसे सवाल-जवाब होते हैं। इस वाली वायरल वीडियो में ग्रामीण जोन के एक थ्री- स्टार और एक अन्य थाना प्रभारी भी नजर आ रहे हैं। वैसे सोशल मीडिया से



लेकर यूनियन वाले ग्रुपों पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रही है। दोनों ही अधिकारियों को लेकर यूनियन और समाज के जो लोग मौजूद हैं वह जमकर हंसी उड़ाते हैं और उनकी तरफ कैमरा भी जूम किया जाता है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या यह जो हो रहा है वह ठीक है यह किसी की साजिश है। पर सवाल अधिकारियों की संवेदनशीलता और अन्य बातों पर भी उठ रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी स्तर के अधिकारियों का टोटा चल रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि सिटी वाली एक लिंक एसीपी को सबसे टेंशन और अटेंशन वाले सर्किल की कुछ दिन जिम्मेदारी संभालने का आने वाले दिनों में मौका मिल सकता है। अब देखना होगा कि वह सबसे टेंशन और अटेंशन वाले सर्किल में कितना दमखम दिखा पाएंगी। वहीं इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी की वर्किंग पर भी सवाल उठ रहा है। कुल मिलाकर जिस तरीके से सोमवार को सिटी वाले जोन में सिटी वाले साहब ने विशेष अभियान को चलाया है, उसकी गूंज दूर तक गई है। उनकी भी वीडियो काफी हाई टीआरपी वाली पहुंच गई बताई जा रही है।

## नेहरू युवा केंद्र में कथित अवैध अतिक्रमण के विरोध में रामनगरवासियों ने डीएम और जीडीए सचिव को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रामनगर क्षेत्र के सैकड़ों निवासियों ने सोमवार को नेहरू युवा केंद्र की सरकारी भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण और फर्जीवाड़े के विरोध में गाजियाबाद के जिलाधिकारी एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल स्वयं को नेहरू युवा केंद्र का अध्यक्ष बताकर प्रशासनिक अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि नेहरू युवा केंद्र की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है। रामनगर के निवासियों ने आरोप लगाया कि सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने के लिए प्रभाव और पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह सार्वजनिक उपयोग की महत्वपूर्ण सरकारी संपत्ति है, जिसे निजी नियंत्रण में लेने की कोशिश की जा रही है। इस मामले को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से निवासियों ने प्रशासन से मांग की कि राजेंद्र मित्तल द्वारा किए जा रहे दावों की सत्यता की जांच कराई जाए, कथित अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। वहीं स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित में अपना आंदोलन आगे बढ़ाने को बाध्य होंगे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजा वर्मा ने एक निजी कार्यक्रम में राज्य सभा सदस्य बीएल वर्मा, गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के इस पल को राजा वर्मा ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। मुलाकात, मुस्कान और राजनीतिक क्षेत्र के दोस्तों की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को पिलखुवा नगर में पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 7,वार्ड नंबर 9, वार्ड नंबर 16 में 5 सड़कों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वार्ड सभासद नरेश भारती,सभासद पति सचिन पुंडीर, सुनीता सिरोही, नगर मण्डल महामंत्री गुड्डू प्रजापति, कैलाशी अश्वनी, दीपक राबिया, पंकज तोमर, पंकज शर्मा, संजीव शर्मा, जय भगवान टांक, अंकुर गहलौत एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।





# कई बिरादरियों का दिखा के डाटा, कहा - हमें कम मिल रहा है प्रतिनिधित्व

# त्यागी समाज की हुंकार, प्रतिनिधित्व और न्याय के मुद्दे पर सरकार को चेतावनी

## स्नातक निर्वाचन में हिस्सेदारी की मांग, चिराग त्यागी हत्याकांड पर भी उठाए सवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा, महानगर गाजियाबाद की जिला कार्यकारिणी की बैठक में त्यागी समाज ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर सरकार-प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। बैठक में आगामी स्नातक निर्वाचन (मेरठ-सहारनपुर मंडल) में त्यागी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की गई। साथ ही पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड में अब तक न्याय न मिलने को लेकर भी सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए। सभा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में त्यागी समाज की आबादी 5 से 6 प्रतिशत होने के बावजूद राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर समाज की लगातार उपेक्षा की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि समाज को सत्ता, संगठन और महत्वपूर्ण पदों पर अपेक्षित भागीदारी नहीं मिल रही है, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। सभा के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि समाज के लोगों को न तो पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल रहा है और न ही न्यायिक मामलों में समान व्यवहार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से त्यागी समाज अपनी हिस्सेदारी और सम्मान की मांग करता आ रहा है, लेकिन उसकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है।

### राजेंद्र त्यागी बोले, न न्याय मिल रहा- न प्रतिनिधित्व

**करंट क्राइम :** पूर्व पार्षद एवं सभा से जुड़े वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी ने खुलकर सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में त्यागी समाज को राजनीतिक रूप से हाशिये पर धकेला जा रहा है। समाज के पास केवल एक विधायक और एक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) है, जबकि अन्य बिरादरियों को अधिक प्रतिनिधित्व दिया गया है। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि समाज के साथ भेदभाव की भावना दिखाई दे रही है। उन्होंने पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले में जिस प्रकार की कार्रवाई होनी चाहिए थी, वह अब तक नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में प्रशासन और शासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि चिराग त्यागी प्रकरण को लेकर हुई महापंचायत के बाद समाज ने प्रशासन को समय दिया था, लेकिन यदि अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन और व्यापक हो सकता है।

### एमएलसी चुनाव में प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो बहिष्कार की चेतावनी

**करंट क्राइम :** बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि आगामी स्नातक निर्वाचन में त्यागी समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया तो समाज आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा फैसला लेने पर विचार करेगा। वक्ताओं ने कहा कि त्यागी समाज वर्षों से भाजपा का समर्थक रहा है, लेकिन अब उसे केवल वोट बैंक की तरह देखा जा रहा है। सभा के नेताओं ने कहा कि समाज को संगठन और सरकार में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उपेक्षा जारी रही तो इसका राजनीतिक असर भी दिखाई देगा।

### बालेश्वर त्यागी, केसी त्यागी और स्वर्गीय राजपाल त्यागी के नामों की चर्चा

**करंट क्राइम :** बैठक के दौरान कई वक्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं के योगदान का उल्लेख किया। बालेश्वर त्यागी, केसी. त्यागी और स्वर्गीय राजपाल त्यागी के नामों का जिक्र करते हुए कहा गया कि त्यागी समाज ने हमेशा राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वक्ताओं ने मांग की कि सरकार गठबंधन धर्म और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए त्यागी समाज को भी उचित राजनीतिक अवसर प्रदान करे।

### बड़ी संख्या में जुटे समाज के लोग, सरकार तक पहुंचाया संदेश

**करंट क्राइम :** बैठक में बाबा विश्वनाथ त्यागी, आसाराम त्यागी, राजेंद्र त्यागी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि त्यागी समाज सम्मान, प्रतिनिधित्व और न्याय चाहता है। उन्होंने कहा कि समाज की भावनाओं की अनदेखी करना किसी भी राजनीतिक दल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। बैठक के अंत में सरकार और संगठन के शीर्ष नेतृत्व से त्यागी समाज को उचित राजनीतिक भागीदारी देने व चिराग त्यागी हत्याकांड में निष्पक्ष एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# चौकी के ठीक सामने मंदिर में चोरी, विरोध करने पर पुजारी को पीटा

## हे राम अब मंदिर भी सुरक्षित नहीं, गोविंदपुरम में बदमाशों ने पुलिस को दी खुली चुनौती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर 'योगीराज' में जीरो टॉलरेंस नीति और कड़े सुरक्षा दावों की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर बदमाशों ने पुलिस व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम चौकी के ठीक सामने स्थित श्री संकटमोचन धाम जलेश्वर महादेव मंदिर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। इस घटना ने इलाके में पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, अनाज मंडी के पास स्थित इस मंदिर में चोरों ने देर रात धावा बोला। वारदात के दौरान जब मंदिर के महंत ओमप्रकाश पांडे ने चोरों का विरोध करने का प्रयास किया, तो बेखौफ बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह पीटकर लहूलुहान कर दिया। शातिर चोरों ने पहचान छुपाने के उद्देश्य से मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया।

### पुजारी को पीटा, लाखों के आभूषण और नकदी उड़ाई



**करंट क्राइम :** चोर मंदिर से एक बड़ा बक्सा लेकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार, चोरी गए सामान में लगभग 72,000 की नकदी, भगवान के सोने के आभूषण, हनुमान जी और माता रानी का मुकुट व दो मोबाइल फोन शामिल हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि वारदात स्थल से महज कुछ ही कदमों की दूरी पर गोविंदपुरम पुलिस चौकी है और थोड़ी ही दूरी पर पुलिस लाइन भी स्थित है। इसके बावजूद चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने सीधे तौर पर पुलिस को चुनौती दी है।

### पुलिस की वर्किंग व गश्त पर सवाल

**करंट क्राइम :** धार्मिक स्थल पर हुई इस दुस्साहसिक वारदात और पुजारी के साथ मारपीट के बाद स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब पुलिस चौकी के सामने ही भगवान का घर और उनके पुजारी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? अब देखना यह है कि इस खुली चुनौती के बाद कवि नगर थाना पुलिस और गाजियाबाद कमिश्नरेट की टीम इस मामले का खुलासा कब तक कर पाती है और आरोपियों को सलाखों के पीछे कब भेजती हैं।

# गाजियाबाद में विकास को मिली नई रफ्तार

## 22.92 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास

### मेयर व विधायक अजीतपाल त्यागी ने किया उद्घाटन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, नाला, नाली और इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्यों को गति देने के लिए महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक संजीव शर्मा ने लगभग 22 करोड़ 92 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन कार्यों के माध्यम से ट्रांस हिंडन और सिस हिंडन क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम को लगातार विकास कार्यों की मांग प्राप्त होती रहती है। पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर प्राथमिकता तय कर कार्य स्वीकृत किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस चरण में लगभग 12 करोड़ रुपये से सड़क एवं इंटरलॉकिंग कार्य, 6.92 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण तथा करीब 4 करोड़ रुपये से ड्रेनेज और नाला निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में शहर के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। जनता की मांगों के अनुरूप सड़कों और नालियों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र की जनता में उत्साह और संतोष का माहौल है।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की विकासवादी सोच का लाभ गाजियाबाद को भी मिल रहा है। विजयनगर सहित शहर के विभिन्न इलाकों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। शिलान्यास किए गए कार्यों में वसुंधरा, विजय नगर, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, रघुनाथपुरी, संजयनगर, शंकर विहार, जागृति विहार, रामप्रस्थ, मोहन नगर और शालीमार गार्डन समेत कई क्षेत्रों में सड़क, नाला और इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर कई पार्षद, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आने वाले समय में भी शहर के विकास को इसी गति से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि गाजियाबाद को आधुनिक और सुविधासंपन्न शहर बनाया जा सके।

# प्रमुख सचिव नगर विकास पी गुरु प्रसाद ने सीएम ग्रिड व प्रमुख परियोजनाओं का किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग पी. गुरु प्रसाद ने सोमवार को गाजियाबाद का दौरा कर शहर में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम ग्रिड परियोजना के अंतर्गत हिंडन एयरफोर्स से मोहन नगर चौराहे तक किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा जल निकासी व्यवस्था के लिए बनाए गए चैंबरों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। दौरे के दौरान प्रमुख सचिव ने करेड़ा स्थित जल निगम के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का औचक निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने उन्हें नगर निगम की प्रमुख परियोजनाओं, जिनमें सीएम ग्रिड, टीएसटीपी, बायोडायवर्सिटी पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आई-ट्रिपल-सी शामिल हैं, की प्रगति से अवगत कराया। वहीं, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने हरनंदीपुरम सहित अन्य परियोजनाओं की जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में गति बनाए रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# योग, ध्यान और प्राणायाम से स्वस्थ जीवन का संदेश, धर्म यात्रा महासंघ ने लगाया विशेष शिविर





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** धर्म यात्रा महासंघ द्वारा आयोजित योग, ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केपी ग्रुप के चेयरमैन केपी गुप्ता का स्वागत कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अनिल अग्रवाल सांवरिया ने पटका पहनाकर किया।

इस अवसर पर धर्म यात्रा महासंघ के पदाधिकारी डॉ. ओपी अग्रवाल, मदन गोपाल शर्मा, प्रवीण शर्मा (खादी वाले), माहेश्वरी मैडम और सीमा गोयल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

योग विशेषज्ञ देवेन्द्र हितकारी ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान एवं योग के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रखने के उपाय बताए। उन्होंने कपालभाति, प्लावनी, शीतली, भ्रामरी सहित विभिन्न प्राणायामों का प्रयोगात्मक अभ्यास कराया। साथ ही पंचतत्वों के संतुलन, चक्रों के व्यवस्थित संचालन, शरीर की ऊर्जा प्रणाली तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से शरीर की निष्क्रियता, आलस्य, तनाव और कई जीवनशैली संबंधी समस्याओं को कम करने में सहायता मिलती है। शिविर में गर्दन संबंधी व्यायाम एवं ग्रीवासन का भी अभ्यास कराया गया।

### अनिल अग्रवाल सांवरिया ने किया आभार व्यक्त

कार्यक्रम के अंत में मुख्य संयोजक अनिल अग्रवाल सांवरिया ने मुख्य अतिथि केपी गुप्ता, उपस्थित अतिथियों, पत्रकार बंधुओं और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत योग प्रसाद के रूप में दलिया एवं अंकुरित आहार वितरित किया गया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दिया विशेष जोर

शिविर में ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, तनाव नियंत्रण और एकाग्रता बढ़ाने के उपाय बताए गए। योग विशेषज्ञ ने कहा कि नियमित ध्यान और प्राणायाम से मन शांत रहता है तथा सकारात्मक सोच विकसित होती है। ओम मंत्र के सामूहिक उच्चारण का भी अभ्यास कराया गया, जिससे सकारात्मक मानसिक तरंगों और सामूहिक चेतना के विकास का संदेश दिया गया।

### योग को बताया जीवन जीने की कला

देवेन्द्र हितकारी ने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली और अनियमित दिनचर्या अनेक बीमारियों का प्रमुख कारण बन रही है। योग, प्राणायाम और ध्यान केवल स्वास्थ्य सुधारने के साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उन्होंने पंचप्राणों–अपान, उदान, प्राण, समान और व्यान वायु–के संतुलन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा छापा, 30 क्विंटल सड़ा-गला अचार नष्ट

### प्रशासन ने छह नमूने जांच को भेजे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जनपद में मिलावटी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खोड़ा क्षेत्र की दो अचार निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करीब 30 क्विंटल दूषित और दुर्गंधयुक्त अचार को मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त मानते हुए नष्ट कराया गया, जबकि छह नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खोड़ा नगरपालिका क्षेत्र में संचालित अचार निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया।

जांच में दोनों प्रतिष्ठानों पर अचार अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में भंडारित पाया गया और उसमें तेज दुर्गंध भी आ रही थी।

### पहली इकाई से 10 क्विंटल सड़ा अचार नष्ट



**करंट क्राइम :** शनि बाजार, खोड़ा स्थित पवन सिंह के प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान 20 ड्रमों में रखा लगभग 1000 किलोग्राम आम और नींबू का अचार सड़ी–गली अवस्था में मिला। विभागीय टीम ने मौके पर ही इसे नष्ट करा दिया। इसके अलावा 180 किलोग्राम मिक्स अचार और 8800 किलोग्राम नमक को जब्त किया गया। यहां से मिक्स अचार, मसालेदार आम अचार और नमक के तीन नमूने जांच के लिए लिए गए। वहीं मास्टर पार्क स्थित हुाराहुल अचार वाले प्रतिष्ठान पर निरीक्षण के दौरान 2000 किलोग्राम नींबू का अचार और 400 किलोग्राम मिक्स अचार खराब एवं दुर्गंधयुक्त पाया गया। विभाग ने पूरी सामग्री को जब्त कर नष्ट करा दिया। साथ ही नींबू अचार, मिक्स अचार और सिरका के तीन नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए संग्रहित किए गए।

### जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

**करंट क्राइम :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट, खराब गुणवत्ता और अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण या भंडारण करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तस्लीम उर्फ चीनी हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी थाना पुलिस ने तस्लीम उर्फ चीनी हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए हत्या में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू और घटना के समय पहने गए रक्तरंजित कपड़े बरामद किए हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 11 जून को तस्लीम उर्फ चीनी की हत्या के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साबिर और आमीन के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपी साबिर ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसके भाई यूनुस की हत्या हुई थी। उस मामले में उसकी फूफी का बेटा शेरुद्दीन गवाह था। आरोप है कि तस्लीम उर्फ चीनी गवाहों को सोशल मीडिया के माध्यम से धमकाता था और गवाही न देने का दबाव बनाता था। इसी पुरानी रंजिश के चलते उसने अपने साथी आमीन के साथ मिलकर 10 जून को तस्लीम उर्फ चीनी की चाकू मारकर हत्या कर दी। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा रक्तरंजित कपड़े बरामद कर लिए गए हैं। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 12वां विशाल भंडारा संपन्न, उमड़े श्रद्धालु



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गौतम बुद्ध नगर, एनके डिपार्टमेंटल स्टोर की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री बांके बिहारी जी की कृपा से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ चिपियाना बुजुर्ग स्थित सरकारी स्कूल के सामने दोपहर 12:00 बजे हुआ और यह प्रभु इच्छा तक चलता रहा। आयोजक विरेन्द्र शर्मा (संजू), नरेन्द्र शर्मा (मोनू) और तरूण शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टोर की वर्षगांठ को सेवा और भक्ति भाव से मनाया गया। भंडारे में पूरी-सब्जी, हलवा और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि व्यापार में मिली सफलता ठाकुर जी के आशीर्वाद का फल है, इसलिए प्रसाद वितरण कर आभार व्यक्त किया जाता है। आयोजन में आसपास के क्षेत्रवासियों, राहगीरों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों ने पूरे उत्साह से श्रद्धालुओं की सेवा की। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं से भंडारे में पहुंचने का आग्रह पहले ही किया था। लोगों की भारी भीड़ और सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# वसुंधरा में खाद्य तेल संरक्षण पर व्यंजन प्रतियोगिता, बिना तेल-गैस के बने व्यंजन

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर जनजागरण अभियान, 10 महिलाओं को श्रेष्ठ व्यंजन के लिए किया गया पुरस्कृत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संसाधनों के संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में मन्नत बैंकेट में खाद्य तेल संरक्षण जनजागरण अभियान के तहत व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महिलाओं ने बिना खाद्य तेल और बिना गैस के तैयार स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मकसद घरेलू स्तर पर तेल व गैस के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्रीय संसाधनों के संरक्षण का संदेश देना रहा। आयोजकों ने सभी से आह्वान किया कि वे बिना तेल–गैस के एक व्यंजन बनाकर स्वस्थ और संसाधन–संरक्षण आधारित जीवनशैली अपनाने को प्रेरित करें। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ 10 व्यंजन बनाने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रिचा भदौरिया और सह संयोजक अमृता सिंह रहीं। यह अभियान स्वस्थ भारत, संसाधन संरक्षण व आत्मनिर्भर जीवनशैली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी सकारात्मक बदलाव का आधार बनेगी।

# तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर संपन्न, मोटापा-मधुमेह निवारण पर दिया जोर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महिला पतंजलि योग समिति दिल्ली–एनसीआर की अध्यक्षा सविता दीदी के मार्गदर्शन व जिला प्रभारी कुमकुम राजपूत के नेतृत्व में ज्ञान खंड–4, टंकी वाले पार्क में तीन दिवसीय निःशुल्क मोटापा एवं मधुमेह निवारण योग शिविर संपन्न हुआ। शिविर में कुमकुम राजपूत ने प्राणायाम, योगासन व व्यायाम कराए। उन्होंने मधुमेह व मोटापे के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार पर आयुर्वेद और योग के सिद्धांतों से जानकारी दी। साधकों ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बनाने का संकल्प लिया।

16 June -26 page 8 6/15/2026 10:42 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# नन्हीं परी अराहा के प्रथम जन्मदिन पर हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी तथा पूर्व विधायक हेमलता चौधरी की सुपौत्री अराहा के प्रथम जन्मदिन पर चौधरी परिवार ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। वेदान्ता फार्म में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीति, समाजसेवा और व्यापार जगत के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने नन्ही अराहा को उनके प्रथम जन्मदिन पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अराहा के मम्मी पापा रोहन चौधरी एवं गौरी चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्लोवाकिया दौरे पर पीएम मोदी का बड़ा कूटनीतिक दांव, भारत-स्लोवाकिया संबंधों को मिला रणनीतिक साझेदारी का दर्जा

## रक्षा, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एआई और न्यूक्लियर ऊर्जा समेत कई अहम समझौतों पर सहमति



**ब्रातिस्लावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर स्लोवाकिया पहुंचे हुए हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की उपस्थिति में भारत और स्लोवाकिया के बीच महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान हुआ। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्लोवाकियाई समकक्ष रॉबर्ट फिचो के बीच ब्रातिस्लावा कैसल में अहम मुलाकात हुई। दोनों के अहम बैठक हुई, जिसके बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताया और भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया की मदद का आभार भी जताया। साझा वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री और मैंने हमारे सहयोग को नई दिशा और नई गति देने के बारे में विस्तार से चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी में हुई प्रगति हमारे लिए संतोष की बात है। हालांकि, हमारी क्षमताएं बहुत अधिक हैं और हमारी आकांक्षाएं उससे भी कहीं अधिक हैं।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला। मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।

### टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ- पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया-ईयू, एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे। मुझे खुशी है कि स्लोवाकिया की एक यूनिवर्सिटी में एआई के विषय पर इंडिया चेयर स्थापित की जा रही है। एआई मानवता की सेवा और प्रगति का सशक्त माध्यम बने, यही हमारी साझा सोच है। हमारा मानना है कि एआई का भविष्य केवल इनोवेशन से नहीं बल्कि ट्रस्ट, रिस्पॉन्सिबिलिटी और ह्यूमन डिग्निटी पर आधारित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी भी दोनों देशों के लिए मुख्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। हमने इस क्षेत्र में दोनों देशों की इंडस्ट्रीज और एक्सपर्ट्स के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। रक्षा सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और स्ट्रेटेजिक कन्वर्जेंस का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में आज हमने 'लेटर ऑफ इंटेंट' साइन किया। इससे साझा विकास, साझा उत्पादन और डिफेंस इंडस्ट्रीज के बीच सहयोग को नई गति मिलेगी। वैश्विक मंच पर भी भारत और स्लोवाकिया करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ रहे हैं। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। पीएम ने कहा, दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक और लोगों के आपसी संबंध हमारे संबंधों को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।

## पीएम फिको ने मोदी के 12 वर्षों के नेतृत्व को बताया राजनीतिक चमत्कार

### रॉबर्ट फिको ने पीएम मोदी को लंबे कार्यकाल के लिए दी बधाई



इस मौके पर स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने कहा, मैं बहुत सम्मान के साथ भारत के स्वतंत्र नजरिए और रुख का पालन करता हूं और स्लोवाक गणराज्य के प्रधानमंत्री के तौर पर मैं स्लोवाकिया की एक ऐसी स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता हूं जो चारों दिशाओं पर केंद्रित है। मैं बहुत सम्मान के साथ देखता हूं कि अंतरराष्ट्रीय कानून आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। रॉबर्ट फिको ने कहा, आज हमने प्रधानमंत्री के साथ भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग को 'व्यापक और रणनीतिक सहयोग' का दर्जा देने पर सहमति जताई है। रॉबर्ट फिको ने कहा, हम स्लोवाकिया इस बात का स्वागत करते हैं कि मुक्त व्यापार को लेकर ईयू और भारत के बीच समझौता हुआ है। यह अब तक हुए सबसे बड़े और अहम मुक्त व्यापार समझौतों में से एक है और स्लोवाकिया न केवल इस समझौते का स्वागत करता है, बल्कि इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए सभी जरूरी और व्यावहारिक कदम भी उठाएगा।

### 'लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा'

प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने कहा, जाहिर है, मैं राजनीतिक स्थिरता का जिक्र किए बिना नहीं रह सकता, जिसका प्रतिनिधित्व आप भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर करते हैं और मैं आपको इस बात के लिए बधाई देता हूं कि आप भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बने हैं, क्योंकि इस मुश्किल माहौल में और इतनी सारी राजनीतिक पार्टियों वाले व्यापक परिवेश में लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा है। मैं आपको इसके लिए बधाई देना चाहता हूं। पीएम ने रविवार के कार्यक्रम की एक अद्भुत और सुखद झलकी साझा की। ये 'महादेव कीर्तन प्रोजेक्ट' का अंश था।44 सेकंड की वीडियो क्लिप में प्रोजेक्ट के सदस्य 'शंभु-शंभु' का जाप करते और विभिन्न वाद्ययंत्रों से समां बांधते देखे जा सकते हैं। प्रधानमंत्री भी उनके साथ ताली बजा कर उत्साहवर्धन करते दिख रहे हैं।

# अमेरिका-ईरान समझौते पर उठे सवाल विशेषज्ञों ने बताया अस्थायी युद्धविराम

## ट्रंप ने बताया ऐतिहासिक कदम, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**ट्रंप ने समझौते को बताया ऐतिहासिक, विशेषज्ञों ने जताई आशंका**

**होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से वैश्विक व्यापार को मिल सकती है राहत**



**सिडनी।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए नए समझौते ने वैश्विक राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। इस समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य का समुद्री मार्ग दोबारा व्यापार के लिए खोले जाने का रास्ता साफ हुआ है, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है, लेकिन कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ इस समझौते को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

यरुशलम सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड फॉरेन अफेयर्स (जेसीएफए) के सीईओ सागिव स्टैनबर्ग ने कहा कि यह कोई स्थायी शांति समझौता नहीं, बल्कि अमेरिका के आगामी मध्यावधि चुनावों को ध्यान में रखकर किया गया 60 दिनों का अस्थायी युद्धविराम है। उनका कहना है कि इस समझौते से ईरान को आर्थिक लाभ मिलेगा, जिसका उपयोग वह हिजबुल्ला और हूती जैसे संगठनों को फिर से मजबूत करने में कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भी समझौते को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने ईरान को ह्यसर्वनाशकारी शासनह्ल बताते हुए कहा कि इस समझौते के लंबे समय तक टिके रहने की संभावना कम है। हालांकि उन्होंने माना कि इससे फिलहाल वैश्विक बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति को राहत मिल सकती है।

मॉरिसन ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज के दौर में तेल, गैस, डेटा, सबमरीन केबल और अंतरिक्ष संसाधनों को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में भारत और ऑस्ट्रेलिया को आत्मनिर्भरता बढ़ाने और रणनीतिक सहयोग मजबूत करने की जरूरत है।

उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र बताते हुए कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक रणनीति और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की भी सराहना की।

सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और ईरान इस शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गारीबाबादी ने स्पष्ट किया है कि आगे की वार्ता तभी संभव होगी, जब अमेरिका ईरान की रोकी गई धनराशि जारी करे और आर्थिक प्रतिबंधों को पूरी तरह हटाए।

# अमेरिका-ईरान समझौते से नाराज इस्राइल लेबनान से पीछे हटने से किया इनकार

## नेतन्याहू सरकार ने ट्रंप प्रशासन को भी स्पष्ट किया अपना रुख

### इस्राइल ने कहा– राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा पर कोई समझौता नहीं



**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बाद हुए शांति समझौते और युद्धविराम की घोषणा के बावजूद इस्राइल ने स्पष्ट कर दिया है कि वह दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना नहीं हटाएगा। इस्राइली सरकार का कहना है कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस मामले में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल कॉट्ज ने कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी सरकार एक स्पष्ट सुरक्षा नीति पर काम कर रही है, जिसके तहत इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) लेबनान, सीरिया और गाजा के सुरक्षा क्षेत्रों में बिना किसी समय सीमा के तैनात रहेंगे। उनका कहना है कि इन क्षेत्रों में सेना की मौजूदगी का उद्देश्य सीमा और इस्राइली नागरिकों को जिहादी संगठनों एवं आतंकी गतिविधियों से सुरक्षित रखना है।

कॉट्ज ने कहा कि सुरक्षा जोन से स्थानीय आबादी को हटाने के साथ-साथ जमीन के ऊपर और नीचे मौजूद सभी आतंकी ढांचों को नष्ट किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमावर्ती गांवों में कई मकानों का उपयोग आतंकवादी संगठनों द्वारा गुप्त ठिकानों के रूप में किया जा रहा था।

रक्षा मंत्री ने दक्षिणी लेबनान में सुरक्षा क्षेत्र पर कब्जा बनाए रखने को आईडीएफ की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धियों में से एक बताते हुए कहा कि किसी भी दबाव के बावजूद इस्राइल अपनी सैन्य मौजूदगी समाप्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष भी स्पष्ट कर दिया है।

कॉट्ज ने यह भी चेतावनी दी कि यदि लेबनान या क्षेत्रीय घटनाक्रम के कारण ईरान इस्राइल के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई करता है, तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस्राइल केवल अपने नागरिकों और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# पाकिस्तान वायुसेना का प्रशिक्षण विमान क्रैश G7 शिखर सम्मेलन से पहले जिनेवा में बवाल

**नई दिल्ली।** जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले स्विट्जरलैंड के जिनेवा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। हजारों प्रदर्शनकारी नो जी-7 बैनर के तहत सड़कों पर उतरे और युद्ध, आर्थिक असमानता, पूंजीवाद तथा वैश्विक नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति तब बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों और दंगा-रोधी पुलिस के बीच झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। इस दौरान एक टेस्ला कार में आग लगा दी गई और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। सम्मेलन से पहले पूरे शहर में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं।

### कांगो में इबोला वायरस से मृतकों की संख्या पहुंची 181

कांगो में इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गई है, जबकि मृतकों की संख्या 181 तक पहुंच गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार देर शाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि वास्तविक मामलों की संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि संक्रमण की पुष्टि 15 मई को हुई थी, जबकि इसके कई सप्ताह पहले शुरू होने की आशंका है। इसके अलावा संक्रमितों के संपर्कों का पता लगाने की कवरेज दर घटकर 56 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले सप्ताह की तुलना में काफी कम है।

यह ताजा प्रकोप दुर्लभ बंडिबुग्यो वायरस के कारण फैला है। इस वायरस के लिए अभी तक कोई स्वीकृत टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है। इसके विपरीत, कांगो में पहले सामने आए इबोला के अधिकांश 16 प्रकोप 'जायरे वायरस' के कारण हुए थे, जिसके लिए टीका और उपचार उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 56 लोग संक्रमण से स्वस्थ हो चुके हैं और वर्तमान प्रकोप की मृत्यु दर 23 प्रतिशत है। संक्रमण का सबसे अधिक असर कांगो के पूर्वी इतुरी प्रांत में देखा गया है, जहां कुल मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा नॉर्थ किवु और साउथ किवु प्रांतों में भी मामले सामने आए हैं। संक्रमण पड़ोसी देश युगांडा तक भी फैल चुका है।

# भगवान राम का अपमान-मूर्ति तोड़ने की धमकी पर विवाद बांग्लादेश में मानवाधिकार संगठन ने जताई चिंता

**ढाका।** बांग्लादेश के गाईबांधा जिले में भगवान राम की तस्वीर के अपमान और मंदिर से जुड़े विवाद को लेकर मानवाधिकार संगठन ने चिंता जताई है। संगठन ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। बांग्लादेश के एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने गाईबांधा जिले के पलाशबाड़ी में राधा-गोविंद मंदिर में भगवान राम की तस्वीर के अपमान की कड़ी निंदा की है। 'बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद' ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है।

**संगठन ने लगाए आरोप :** परिषद के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों से एक कट्टरपंथी ताकत पलाशबाड़ी में भगवान श्री रामचंद्र की मूर्ति को तोड़ने और नष्ट करने की धमकियां दे रही है। इसके अलावा, ढाका और देश के अन्य हिस्सों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। परिषद का मानना है कि ऐसी भड़काऊ गतिविधियों से देश में कभी भी सांप्रदायिक हिंसा भड़क सकती है।



**भगवान राम की मूर्ति निर्माण का काम रोका गया :** इसी बीच, स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, अधिकारियों ने पलाशबाड़ी के मंदिर में भगवान राम की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति बनाने का काम रोकने का आदेश दिया है। मंदिर के सलाहकार श्यामल कुमार महंत ने एक मीडिया वार्ता में बताया कि निर्माण कार्य को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस फैसले से लोगों में काफी नाराजगी है। कई लोगों का आरोप है कि कट्टरपंथी समूहों के दबाव में आकर यह काम रोका गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि स्थानीय कट्टरपंथी समूहों के भारी विरोध के बाद प्रशासन ने सनातन कॉम्प्लेक्स में भगवान राम की मूर्ति बनाने का काम बंद करवा दिया है। परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने समय रहते कार्रवाई नहीं की।

### सरकार से की अपील

मानवाधिकार समूह ने इन हरकतों को लोकतांत्रिक और बहुलवादी समाज के लिए पूरी तरह गलत बताया है। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से अपील की है कि वह इन सांप्रदायिक ताकतों पर लगाम लगाने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाए। परिषद ने मांग की है कि धार्मिक अपमान करने वाले लोगों को फौरन गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने देश के धर्मनिरपेक्ष नागरिकों, नागरिक समाज और राजनीतिक दलों से इन विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ आवाज उठाने को कहा है।

# अमेरिका ने दी सफाई: जहाज पर हमले से पहले 60 बार दी थी चेतावनी, अटैक में तीन भारतीयों की गई थी जान

**वांशिंगटन।** जहाज पर अमेरिकी हमले और उसमें तीन भारतीयों की मौत पर घिरने के बाद अमेरिका बार-बार सफाई दे रहा है। अब अमेरिका के एक अधिकारी ने दावा किया है कि जहाज पर हमले से पहले उसे 60 बार चेतावनी दी गई थी। हालांकि अमेरिका के इस दावे पर भी सवाल उठ रहे हैं।

जहाज पर हमले और उसमें तीन भारतीयों की मौत के बाद भारत ने कड़ी नाराजगी जताई। चौतरफा घिरने के बाद अब अमेरिका ने सफाई दी है। अमेरिका के एक अधिकारी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में पालाऊ के झंडे वाले जहाज पर हमले से पहले लगभग 60 मौखिक चेतावनियां दी थीं। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से न्यूज एजेंसी एपी ने बताया कि चेतावनियों के बाद कम-से-कम आठ बार जहाज को शक्ति प्रदर्शन के जरिए भी आगाह किया गया था। इसके बावजूद भी जब जहाज ने अमेरिकी निदेशों की अनदेखी की, तो उस पर हमला किया गया। इस हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी। जिसे लेकर भारत ने अमेरिका के सामने नाराजगी भी जाहिर की थी।



रिपोर्ट के अनुसार, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने जहाज को रोकने के लिए फ्लेयर्स दागे, युद्धक विमानों से कई बार उड़ान भरवाई और गोलीबारी से पहले दो अंतिम चेतावनियां भी जारी कीं। इसके बाद अमेरिकी सेना के एक विमान ने जहाज के इंजन कक्ष को निशाना बनाते हुए हमला किया, ताकि जहाज को निष्क्रिय किया जा सके। इसी कार्रवाई में तीन भारतीय चालक दल के सदस्यों की मौत हुई।

### शैडो फ्लीट का हिस्सा होने का दावा

अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि जिस जहाज पर हमला हुआ, वह तथाकथित शैडो फ्लीट का हिस्सा था, जिसका उपयोग ईरानी तेल के अवैध परिवहन और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जाता रहा है। अधिकारी के अनुसार, जहाज ने कई बार अमेरिकी नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश की थी।

# अमेरिका-ईरान समझौते का ऑस्ट्रेलिया पीएम ने किया समर्थन, कहा- शांति, स्थिरता और सुरक्षा को देंगे बढ़ावा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने अमेरिका-ईरान शांति समझौते का स्वागत किया। उन्होंने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की। इसके साथ ही जर्मनी ने भी इस डील का स्वागत किया और इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था व क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सकारात्मक बताया।

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक संयुक्त बयान में पीएम अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस बात से खुश है कि इस समझौते में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और नेविगेशन की आजादी को बहाल करने की दिशा में कदम शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया लंबे समय से लेबनान समेत सभी जगहों पर तनाव कम करने और लड़ाई खत्म करने की मांग कर रहा है। जैसा कि हमने कहा है यह लड़ाई जितनी लंबी चलेगी इसका प्रभाव उतना ही ज्यादा होगा। लड़ाई को और बढ़ने से रोकने और एक पक्का समझौता करने के लिए लगातार संयम और अच्छे काम करना जरूरी होगा।'



### जर्मन चांसलर ने क्या कहा?

वहीं जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा, 'मैं अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का स्वागत करता हूं। इस कूटनीतिक कामयाबी के लिए, मैं राष्ट्रपति ट्रंप और ईरानी पक्ष को बधाई देता हूं। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था की रिकवरी और इलाके में स्थिरता का रास्ता बन सकता है। जो बातें तय हुई हैं, उन्हें पक्के इरादे और फोकस के साथ लागू करना जरूरी है।' राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ डील अब पूरी हो गई है। सभी को बधाई!'

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब दुनिया का ध्यान होर्मुज स्ट्रेट पर था, जिससे दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। होर्मुज स्ट्रेट कई महीनों से वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव का केंद्र रहा है। शिपिंग में रुकावटों की वजह से दुनिया भर में ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और अमेरिकी नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी दे रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं होर्मुज स्ट्रेट को टोल फ्री खोलने की पूरी मंजूरी देता हूं। इसके साथ ही, अमेरिका नेवल ब्लॉकेड को तुरंत हटाने जा रहा है। दुनिया भर के जहाजों, अपने इंजन चालू करो। तेल का प्रवाह शुरू होने दो।'

### 'बुरे प्रभाव से बचाने की कोशिश करेगी'

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देता रहेगा। सरकार ऑस्ट्रेलियाई लोगों को लड़ाई के सबसे बुरे प्रभाव से बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिका और ईरान ने एक डील पूरी कर ली है जिससे होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल जाएगा और अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी खत्म हो जाएगी। उन्होंने इसे महीनों की लड़ाई के बाद एक बड़ी कामयाबी बताया, जिसने वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिलाकर रख दिया था और एक बड़े इलाके में लड़ाई का डर पैदा कर दिया था।

# ईरान डील पर ट्रंप को घेर रहे डेमोक्रेट्स, सांसद क्रिस मर्फी बोले- ये सरेंडर जैसा समझौता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर ईरान संग पीस डील होने का एलान किया। ईरान ने भी एमओयू को अंतिम रूप दिए जाने पर बयान जारी किया। दुनिया ने राहत की सांस ली है। इस बीच अमेरिकी सांसद स्वागत तो कर रहे हैं लेकिन तंज भी कस रहे हैं। सांसद क्रिस मर्फी ने इसे 'आत्मसमर्पण' करार दिया है।

डेमोक्रेट्स ईरान के साथ हुए समझौते का स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि यह युद्ध अनावश्यक था और यह समझौता केवल स्थिति को वहीं वापस ले जाता है जहां से शुरूआत हुई थी। डेमोक्रेट सांसद क्रिस मर्फी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा। जिसमें दो अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'अगर ईरान के साथ कोई अंतिम समझौता होता है, तो वह तेहरान के सामने सरेंडर जैसा लगेगा। हालांकि, ऐसे समझौते का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि युद्ध जारी रहने से अमेरिका और कमजोर होगा।'

### जंग से अमेरिका को नुकसान

मर्फी ने कहा कि मौजूदा हालात में लंबी जंग अमेरिका के हितों को ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए अगर समझौते के जरिए संघर्ष खत्म होता है, तो यह विकल्प युद्ध जारी रखने से बेहतर होगा। मर्फी ने यह भी कहा कि ईरान की ओर से एकमात्र रियायत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने की थी।

जबकि यह जलडमरूमध्य संघर्ष से पहले भी खुला हुआ था। उन्होंने तर्क दिया कि ईरान पहले से ही जेसीपीओए के तहत परमाणु हथियार विकसित न करने के लिए प्रतिबद्ध था, जो एक ऐसा समझौता था जिसे बाद में ट्रंप ने छोड़ दिया था।

उन्होंने आगे कहा, 'युद्धविराम और वार्ता एक सकारात्मक विकास हैं, लेकिन अब तक इस पसंद के युद्ध ने केवल अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों को असुरक्षित किया है। इसके साथ कई महत्वपूर्ण सवालों को अनुत्तरित या अनसुलझा छोड़ दिया है।'

### समझौता स्थिति को 'सही दिशा' में ले जाता

दरअसल, ट्रंप ने अपनी पोस्ट में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की बात कही थी। उन्होंने लिखा, ह्यदुनिया के जहाजों, अपने इंजन चालू कर लो। तेल को बहने दो। वहीं, डेलावेयर के सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह समझौता स्थिति को 'सही दिशा' में ले जाता है, लेकिन अभी भी कई सवाल बाकी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समझौते की अलग-अलग व्याख्या जोखिम पैदा कर सकती हैं। कून्स ने एक्स पर कहा, 'यह तथ्य कि हमने अभी तक समझौते का कोई लिखित पाठ नहीं देखा है। वहीं, ट्रंप और ईरानी नेता एक बार फिर इस बात पर अलग-अलग दावे कर रहे हैं कि क्या सहमति बनी है। इस बात को रेखांकित करता है कि हमें यह समझौता तुरंत देखना चाहिए।'